# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-03-2023

# किन्नर को गोली मारने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

## एरिया विवाद को लेकर किन्नर गुरू किरन की आज्ञा लेकर प्रिया कराना चाहती थी हत्या

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सहजनवा में एरिया बंटवारे को लेकर तान्या किन्नर की हत्या उसकी विपक्षी प्रिया किन्नर कराना चाहती थी। संयोग ठीक रहा कि गोली लगने के बाद तान्या किन्नर अभी तक बची है। उसकी हालत एसपीजीआई लखनऊ में स्थिर है। इसका खुलासा पकड़े गए तीन बदमाशों ने सहजनवा पुलिस के समक्ष किया है।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि किसी बात को लेकर तान्या किन्नर ने घटना में शामिल दुर्गेश को अपनी टीम से हटा दिया था जिससे यह तान्या से अपना बदला लेना चाह रहे थे। जब प्रिया किन्नर ने अपनी योजना बताई तो यह फौरन शामिल हो गया। इसके बदले इन्हें रकम भी दी गयी और जमानत कराने तक का जिम्मा भी किन्नर गुरू किरन व प्रिया किन्नर ने लिया था। पुलिस फरार प्रिया किन्नर और प्रकाश में आए अन्य आरोपितों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

> नामजद गुरु किरन किन्नर को पहले जेल भेजवा चुकी है सहजनवां पुलिस

> गोली से घायल तान्या किन्नर की हालत एसपीजीआई में स्थिर

**सटीक मुखबिरी पर तान्या पर हुआ था हमला :** एसएसपी ने बताया कि 19 मार्च को बधाई बजाकर लौट रही तान्या किन्नर पुत्री ओमप्रकाश किन्नर निवासी भीमापार थाना सहजनवा पर पल्सर बाइक सवार बदमाशों ने फायर किया था। घटना में तान्या की पीठ मे गोली लगने से वह घायल होकर गिर गयी। बदमाश उसे मरा समझकर फरार हो गए। घटना में पीड़ित किन्नर पक्ष की ओर से मिली तहरीर पर प्रिया किन्नर कई नामजद व अज्ञात साथियों के विरूद्ध सहजनवा थाने पर हत्या के प्रयास और साजिश का केस दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए एसपी नार्थ मनोज अवस्थी के निर्देशन में सहजनवा पुलिस को लगाया गया था।



किन्नर तान्या पर जानलेवा हमला के आरोप में पकड़े गये अभियुक्तों के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर।

**तीन बदमाश गिरफ्तार :** एसएसपी ने बताया कि थानेदार सहजनवा महेंद्र कुमार मिश्रा ने पुलिस टीम में शामिल चौकी प्रभारी घघसरा एसआई विनय कुमार सिंह, एसआई सत्यदेव, आरक्षी अरविन्द कुमार, आरक्षी शैलेश यादव, आरक्षी नवीनचन्द शुक्ला, आरक्षी उदयप्रताप व आरक्षी अर्जुन गुप्ता थाना सहजनवा के सहयोग से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। उन्होंने अपना नाम रणविजय यादव पुत्र राम प्यारे यादव निवासी सुरदही, दुर्गेश मद्धेशिया पुत्र स्व. हरकेश गुप्ता निवासी केशवपुर थाना सहजनवा, गोरखपुर व रवि यादवपुत्र जगनरायण यादव निवासी बड़ी सुरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद संतकबीरनगर बताया। इनके कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक फायरशुदा कारतूस व घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक बरामद की गयी। बदमाशों को दो बदमाश और कवर दे रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास पुलिस टीम कर रही है। इसके पूर्व पुलिस सोमवार को इसी मामले में प्रिया किन्नर की सहयोगी एवं गुरू किरन किन्नर को गिरफ्तार कर जेल भेजवा चुकी है।

**प्रिया की गुरू किन्नर किरन ने दी थी हत्या करने की इजाजत :** प्रिया किन्नर उर्फ रामकरन भारती तथा तान्या किन्नर के बीच क्षेत्र बंटवारे को लेकर 6 माह पूर्व काफी विवाद हुआ था। उस विवाद में तान्या किन्नर, प्रिया किन्नर का कुछ क्षेत्र अपने हिस्से में ले लिया था। इसी बात से प्रिया किन्नर, तान्या किन्नर से नाराज थी। तब तान्या किन्नर को रास्ते से हटाने के लिए प्रिया किन्नर ने अपने गुरु किरन किन्नर से अनुमति लेकर हत्या की योजना बनाई। इस योजना में प्रिया किन्नर ने अपने पुरुष मित्र (कथित पति) रणविजय यादव और तान्या किन्नर के पूर्व ड्राइवर दुर्गेश मद्धेशिया (जिसे फरवरी माह से तान्या ने अपनी ड्राइवरी से निकाल दिया था) शामिल हुए। इस योजना में दुर्गेश मद्धेशिया ने अपने पुराने मित्र रवि यादव, अतुल दूबे (रणविजय का मित्र), संगम, सोनू को भी शामिल कर लिया। घटना के वक्त दुर्गेश मद्धेशिया मोटरसाइकिल पल्सर चला रहा था तथा रणविजय यादव पल्सर पर पीछे बैठा था । रणविजय ने ही तान्या किन्नर को जान से मारने के इरादे से पीछे से गोली मार दिया था। इसके अलावा सीडी डीलक्स मोटर साइकिल पर अतुल दूबे तथा संगम नामक युवक सवार थे व सुपर स्पलेन्डर मोटर साइकिल पर सोनू व रवि यादव सवार थे जो घटना के समय शामिल थे और कवर दे रहे थे।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें नवरात्र का त्योहार

**चौरीचौरा (एसएनबी)** । वासंतिक नवरात्र में पूरी तरह से शांति व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर चौरीचौरा थाना के नवागत इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह की उपस्थिति में शांति कमेटी की बैठक हुई, जिसमें प्रशासन के लोगों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता से सहयोग और सुझाव आमंत्रित किया। इस दौरान सख्त हिदायत दी गई कि क्षेत्र में अमन चैन में खलल डाली गई तो ऐसे तत्वों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी।



बैठक में बताया गया कि वासंतिक नवरात्र के दौरान तरकुलहा मेला से लेकर फुटहवा इनार चौराहे तक सोमवार और शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते यातायात प्रभावित हो जाता है। भोंपा बाजार चौराहे पर भी ऑटो वालों की वजह से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है। इंस्पेक्टर ने कहा कि जनता द्वारा बताए गए सुझाव पर अमल कर उक्त स्थानों पर पुलिस आवश्यक कदम उठाने का कार्य करेगी। इंस्पेक्टर ने कहा कि वासंतिक नवरात्र सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। इस दौरान नायब तहसीलदार सरदारनगर भी उपस्थित थे। इस अवसर पर केसरी ओझा, ग्राम प्रान जावेद अली, दिलीप यादव ग्राम प्रान, ग्राम प्रान बसडीला विनय शुक्ला, पूर्व चेयरमैन ज्योति प्रकाश गुप्ता, विनोद जायसवाल, सभासद योगेन्द्र जायसवाल, सन्नी जयसवाल, पूर्व ग्राम प्रधान सुमन्त निषाद, जन्मेजय सिंह, पूर्व ग्राम प्रान आद्या पासवान, गोंड महासभा के रविकांत गौड, भाजपा नेता राजन पांडेय, गौतम, सोनू, ग्राम प्रान आलोक यादव, ग्राम प्रधान मनोज यादव, सपा नेता अलबेला यादव, चौकी इंचार्ज सोनबरसा विशाल उपायाय, दरोगा दिनेश कुमार, विनोद चौरी, आलोक सिंह, सुनील यादव सहित कई लोग थे।

> चौरीचौरा थाना में पीस कमेटी की बैठक

# बाल संप्रेक्षण गृह में मिले 22 मोबाइल फोन

गोरखपुर (एसएनबी)। तिवारीपुर थानान्तर्गत बालसंप्रेक्षण गृह से प्रशासनिक टीम ने आज छापेमारी कर 22 मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त किया। जिला जज तेज प्रताप तिवारी और एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई की अगुवाई में छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान विभिन्न कमरे में 22 मोबाइल फोन और चार्जर सहित अन्य सामान जब्त किए गए।

**जिला जज और एसपी सिटी ने बाल संप्रेक्षण गृह पहुंच कर की जामा तलाशी**

**मोबाइल, चार्जर व अन्य सामान की बरामदगी से मचा हड़कंप**

सूर्यबिहार कालोनी में प्राइवेट मकान में बाल संप्रेक्षण गृह में बाल अपचारी रहते है। पिछले तीन माह पूर्व सूचना मिली थी कि बाल संप्रेक्षण गृह में रहने वाले बाल अपचारी मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते है। साथ ही प्रतिबंधित बस्तुओं का इस्तेमाल करते है। इस सूचना पर एसपी सिटी ने वहां अन्य अधिकारियों के साथ छापेमारी कर पहली बार चार मोबाइल फोन व अन्य प्रतिबंधित बस्तुएं बरामद किया था। इस बरामदगी के बाद भी यह सूचना लगातार मिल रही थी कि कर्मचारियों की मिली भगत से उक्त केंद्र पर लगातार मोबाइल फोन का प्रयोग किया जा रहा है। इस बावत सुरक्षा व्यवस्था और कड़ा करने करने का निर्देश दिया गया।



राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में जिलाजज तेज प्रताप तिवारी के नेतृत्व में छापे के दौरान बरामद मोबाइल।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि इसके बावजूद हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। शिकायत लगातार मिल रही थी। दोपहर डेढ़ बजे जिला जज तेज प्रताप तिवारी व अन्य अधिकारियों के साथ वह बाल संप्रेक्षण गृह पहुंचे और कमरों की तलाशी लिया। जहां मौके पर 22 मोबाइल फोन व चार्जर व अन्य सामान बरामद हुआ।

इस बरामदगी के बाद बाल संप्रेक्षण गृह के प्रभारी व कर्मचारियों का हाथ पांव फूल गया। अफसरों ने कहा कि वहां की व्यवस्था और बरामदगी के बारे में जिला जज शासन को पत्र लिख सकते है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ में दो गिरफ्तार

बड़हलगंज (एसएनबी)। नाबालिग से हुई छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपितों को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बड़हलगंज कोतवाली कल्याण सिंह सागर ने एसआई घनश्याम सिंह, आरक्षी योगेश प्रजापति व गोरखनाथ यादव के सहयोग से दोनों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम विष्णु सोनकर पुत्र स्व. हरि सोनकर व शिव सोनकर पुत्र गोपाल सोनकर निवासी चौधराना मोहल्ला थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर बताया।

# अपहरण व धमकी का आरोपित गिरफ्तार

चिलुआताल (एसएनबी)। अपहरण व धमकी के मामले में आरोपित व फरार चल रहे अभियुक्त बिट्टू उर्फ विनय कुमार मद्देशिया पुत्र राजकुमार निवासी पीपीगंज थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर को चिलुआताल पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपित को पुलिस आईपीसी की धारा 363 व 506 के तहत कोर्ट में पेश किया। गुडवर्क टीम में एसआई अम्बरीश बहादुर, आरक्षी अशोक कुमार, आरक्षी शिशिर कुमार शामिल रहे।

# अपहरण कर दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**झंगहा (एसएनबी)।** नाबालिग का अपहरण कर उससे दुराचार करने और जानमाल की धमकी देने के मामले में आरोपित व फरार चल रहे अभियुक्त को झंगहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुकेश उर्फ झब्बर पुत्र दीपे निवासी ग्राम मिश्रौलिया थाना झंगहा जिला गोरखपुर बताया। गुडवर्क टीम में एसआई शुभम श्रीवास्तव, आरक्षी विकास सिंह व महिला आरक्षी सुप्रिया सिंह शामिल रहीं। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 363, 366, 376, 504 व 506 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# हत्या के जुर्म में दो को उम्रकैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने पीपीगंज थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी अभियुक्त नागेंद्र सिंह व भरत सिंह को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 12 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी रामप्रभाव पांडेय पीपीगंज थाना क्षेत्र के फुलवरिया का निवासी है।25 दिसम्बर 2004 को दिन में चार बजे वादी उसके चाचा रामप्रताप पांडेय और गांव के कुछ लोग चौराहे पर बैठे हुए थे।उसी समय अभियुक्तगण मोटरसाइकिल से वहां आए और वादी के चाचा की गोली मार कर हत्या कर दिए।

# स्टूडियो बनाने के चक्कर में डांस टीचर बन गया डकैत, पांच गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** भोजपुरी डिस्को चैनल को हाई फाई बनाने के चक्कर में डांस टीचर सुशील पासवान डकैत बन गया। नामी गिरामी और धनवान बनने के चक्कर में डांस सिखने वाले सहयोगियों के साथ मिलकर लूटपाट करने लगा। 21 मार्च को खोराबार इलाके के फोरलेन पर दो युवकों से लूटपाट करने के बाद पुलिस ने पांच यूट्यूबर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में कई चौंकाने वाली बातें सामने आई। यूट्यूब पर भोजपुरी डिस्को चैनल चलाने वाला डांस टीचर इस टीम का सरगना है। टीचर के कहने पर ही डांस सीखने वाले सभी डकैती की घटना को अंजाम दिए।

वृहस्पतिवार को सनसनीखेज घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि 21 मार्च को खोराबार इलाके के फोरलेन पर दो युवकों के साथ मंहगे कैमरे लूट लिए गए थे। इस गैंग का मुख्य सरगना देवरिया महुआडीह थाना क्षेत्र का रहने वाला सुशील पासवान पुत्र उमेश पासवान डांस क्लास चलाता है। इसने यूट्यूब पर भी भोजपुरी डिस्को चैनल बनाया था, उस चैनल पर डांस के वीडियो डालता था साथ ही डांस सीखाने के लिए भी सुशील वीडियो अपलोड करता था। यूट्यूब पर सुशील की कमाई और फालोवर कम थे जिसे बढ़ाने के लिए वह बड़ा हाई फाई स्टूडियो तैयार कर धनवान बनना चाहता था। जिसके लिए शूटिंग वाले मंहगे कैमरे और अन्य सामान की जरूरत थी। सुशील के पास पैसा नहीं था तो उसने बड़ी रकम इक्कठा करने के लिए नया रास्ता चुना और फिर सुशील ने डांस सिखने वालों के साथ मिलकर लूटपाट करने की योजना तैयार कर लिया।

**डांस टीचर सहयोगियों के साथ मिलकर चला रहा था डिस्को चैनल**



खोराबार पुलिस द्वारा पकड़े गये यूट्यूबर डांस टीचर लुटरों के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर साथ में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई व अन्य। फोटो : एसएनबी

**बनारस से बुलाकर तंमचा दिखाकर लूट लिया सामान :** सुशील ने फेसबुक से शूटिंग का काम करने वाले बनारस निवासी दीपक यादव का नंबर निकाला दीपक को फोन पर काल करके उन्हें शूटिंग के लिए बुक किया और बनारस से गोरखपुर बुलाया 21 मार्च को जब दीपक अपने साथी सचिन यादव के साथ गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे वहां पर सुशील ने प्लानिंग के अनुसार अपने साथी रंजीत को लगाया था। योजना के अनुसार रंजीत आपाची बाइक से बनारस आए दीपक और सचिन को लेकर कुशीनगर लखनऊ फोरलेन जंगल चवरी लोनिया टोला के सामने आया वहां पहले से मुश्तैद सुशील ने अपनी टीम के साथ मिलकर तमंचे दिखाकर दीपक और सचिन का सामान यानी 6.50 लाख के मंहगे कैमरे और लेंस लूट लिया।

**लूट में शामिल सभी बदमाश देवरिया के है रहने वाले :** पकड़े गए सभी आरोपी देवरिया के हैं,इसमे सरगना सुशील पासवान के साथ डांस सीखने वाले अनिकेत भारती उर्फ मोनू, अभिषेक पासवान उर्फ भोलू, सुनील बासफोर्ड उर्फ सनी देवल और रंजीत कुमार गौड़ उर्फ रंचो को खोराबार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो 315 बोर का तमंचा, 32 बोर का एक रिवाल्वर और 9 जिंदा कारतूस बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने लूटा गया दो कैमरा 5 डी मार्क, 4 लेंस समेत सारा सामान बरामद कर लिया है।

**देवरिया में भी लूटा था कैमरा: एसएसपी :** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि सुशील ने फेसबुक से नंबर निकालकर 5 लोगो को शूटिंग के लिए बुलाया था। जिसमे से 3 नही आए दो लोग आए जो इनके शिकार बने। गोरखपुर की घटना से पहले इन लोगो ने 17 मार्च 2023 को अर्चना नामक एक युवती को बुलाकर देवरिया में कैमरा आदि लूटा था। अर्चना सुशील के डांस की फैन थी इसलिए वो इनके जाल में फंस गई। इसके आलावा लखनऊ व अन्य जिले में भी फोन कर कैमरामैन को बुलाया था लेकिन वह आए नहीं।

# तमंचा के साथ प्रधान पति का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**खोराबार(एसएनबी)।** खोराबार इलाके के एक गांव के प्रधान पति का कार्यक्रम के दौरान तमंचा के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल के बाद पुलिस गोपनीय तरीके से हरकत में आयी है। प्रधान पति की तलाश तेज कर दी है।

खोराबार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गौर के प्रधान पति राज जयसवाल किसी कार्यक्रम के दौरान तमंचा लेकर प्रदर्शन करते हुए

**पहले भी वीडियो हुआ था वायरल लेकिन पुलिस ने साधी थी चुप्पी**

किसी ने फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो पुरान लग रहा है लेकिन सूत्रों की माने तो मामला पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस पूरे मामले को मैनेज कर खेल शुरू कर दिया। फिर दोबारा वही वीडियों वायरल हो रहा है। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी जयनारायण शुक्ला ने बताया की अभी मामले की जानकारी नही है।

# बाल सुधार गृह में रेड, बिजली बोर्ड में छिपाकर रखे मिले 22 मोबाइल

### बिजली के बोर्ड और जमीन में गड्ढा खोदकर कर छिपाए गए थे मोबाइल

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 March):** गोरखपुर के बाल संप्रेक्षण गृह में अधिकारियों के छापे में 22 मोबाइल, चार्जर, बैटरी, इयरफोन और गुटखा मिला है. गुरुवार शाम सूर्य विहार स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई और एडीएम सिटी विनीत सिंह ने छापा मारा. जिसके बाद भारी मात्रा में मोबाइल मिलने पर अधिकारी भी हैरत में पड़ गए. बाल अपचारियों ने बिजली के बोर्ड में भी मोबाइल छिपाकर रखा था. इसके अलावा अन्य जगहों से मोबाइल और चार्जर मिले हैं.

## सभी कमरों की तलाशी

बाल अपचारियों के पास से बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद देख अधिकारियों के होश उड़ गए. अचानक बाल सुधार गृह में पड़े इस छापे से बाल अपचारियों और वार्डन में अफरातफरी मच गई. दोनों अधिकारियों ने बाल अपचारियों के एक-एक कर कमरों की तलाशी ली.



रेड में बरामद मोबाइल-चार्जर.

## अधीक्षक भी नहीं दे पाए जवाब

अपचारियों ने कमरे में लगे बिजली के बोर्ड को खोलकर उसके अंदर मोबाइल छिपा रखा था तो किसी ने जमीन में गड्ढा खोदकर मोबाइल छिपा रखा था. मोबाइल बरामद होने के बाद अधिकारियों ने बाल सुधार गृह के अधीक्षक से इसके बारे में पूछा तो वो कोई जवाब नही दे सके.

## अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई को लिखेंगे लेटर

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि बाल अपचारियों के पास से इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल मिलना बेहद गंभीर विषय है. इसके लिए वहां के वार्डन और अधीक्षक जिम्मेदार हैं. पूछने पर वे कोई ठोस जवाब भी नहीं दे सके. वार्डन के खिलाफ कार्रवाई को पत्र लिखा जाएगा.

## 50 की जगह में 170 बाल अपचारी

जबकि, जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह ने बताया कि बाल सुधार गृह की क्षमता फिलहाल 50 बाल अपचारियों की है. लेकिन मौजूदा समय में यहां 170 बाल अपचारी रखे गए हैं. क्षमता से अधिक बाल अपचारी होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

## गली में खुलती हैं कमरों की खिड़कियां

अभी बाल सुधार गृह सूर्य विहार कॉलोनी में चल रहा है. हालांकि इसे यहां से शिफ्ट करने के लिए शासन को प्रस्ताव भी भेजा गया है. लेकिन प्रमिशन नही मिलने से यहां आवासीय क्षेत्र में ही सुधार गृह बनाया गया है. यहां के स्थानीय लोग कई बार विरोध कर चुके हैं. बाल सुधार गृह के बगल में एक गली है. सुधार गृह के कमरों की खिड़कियां इसी गली में निकलती हैं. ऐसे में अपचारी खिड़कियों की जाली काटकर सामान मंगा लेते हैं.

# तमंचा और चोरी की बाइक के साथ धराए बदमाश

**GORAKHPUR (23 March):** बेलघाट पुलिस ने गुरुवार की सुबह जैती तिराहा के पास घेराबंदी कर चोरी की बाइक के साथ दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया. तलाशी में उनके पास से 38 बोर की पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया. पुलिस ने उनकी निशानदेही पर दूसरी चोरी की बाइक भी बरामद किया. पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया. एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बेलघाट पुलिस ने गुरुवार सुबह तकरीबन 7 बजे जैती तिराहा से घेराबंदी कर बाइक सवार दो बदमाशों को गिरफ्तार किया. वह चोरी की बाइक पर दूसरा नंबर प्लेट लगाकर चल रहे थे. उनकी पहचान क्षेत्र के छितौनी बुजुर्ग निवासी करन पुत्र महेन्द्र और टिकुलियाडा निवासी विशाल राय उर्फ रिंकू पुत्र बालेन्द्र राय के रूप में हुई. उन्होंने बताया कि दो माह पहले उन्होंने आजमगढ़ जिले के एक चाय की दुकान से बाइक को चोरी किए थे. तलाशी में पुलिस ने करन के पास से 38 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया. वहीं विशाल के पास से मोबाइल बरामद किया, जिसे उसने बस में एक यात्री से चुराया था. पुलिस उनकी निशानदेही पर विशाल के घर से चोरी की दूसरी बाइक बरामद किया. जिसे उन्होंने बेलघाट क्षेत्र के कटया बाजार से चोरी किया था. एसएसपी ने बताया कि करन बेलघाट क्षेत्र में अक्टूबर 2022 में कलेक्शन एजेंट से हुई लूट में भी शामिल था. मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था.

# भोजपुरी डिस्को चैनल हिट करने में डकैत बने यूट्यूबर

**21 मार्च को खोराबार से आए दो युवकों के साथ हुई थी लूट**

- स्टूडेंट के साथ मिलकर डांस टीचर चला रहा था डिस्को चैनल
- स्टूडियो बनाने के चक्कर में स्टूडेंट संग डांस टीचर ने की डकैती

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




घटना का खुलासा करते एसएसपी.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 March):** भोजपुरी डिस्को चैनल को हाई फाई बनाने के चक्कर में डांस टीचर संग स्टूडेंट भी डकैत बन गए. खोराबार थाने की पुलिस ने पांच यूट्यूबर को गुरुवार को अरेस्ट किया. पूछताछ में कई चौंका देने वाली बातें सामने आईं. पुलिस ने बताया कि यूट्यूब पर भोजपुरी डिस्को चैनल चलाने वाला डांस टीचर टीम का सरगना है. टीचर के कहने पर ही डांस सीखने वाले सभी स्टूडेंट डकैती की घटना को अंजाम दिए. घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि 21 मार्च को खोराबार एरिया में दो युवकों के साथ मंहगे कैमरे लूट लिए गए थे. इस गैंग का मेन सरगना देवरिया महुआडीह थाना क्षेत्र का रहने वाला सुशील पासवान डांस क्लास चलाता है. इसने यूट्यूब पर भी भोजपुरी डिस्को चैनल बनाया था. उस चैनल पर डांस के वीडियो डालता था. साथ ही डांस सिखाने के लिए भी सुशील वीडियो अपलोड करता था. यूट्यूब पर सुशील की कमाई और फालोवर कम थे. जिसे बढ़ाने के लिए वह बड़ा हाई फाई स्टूडियो तैयार करना चाह रहा था. इसके लिए शूटिंग वाले मंहगे कैमरे और अन्य सामान की जरूरत थी. इसके लिए सुशील ने अपने स्टूडेंट जिन्हें वो डांस सिखाता था, उनके साथ मिलकर योजना बनाई.

## बनारस से बुलाकर तमंचा दिखाकर लूट लिया सामान

सुशील ने फेसबुक से शूटिंग का काम करने वाले बनारस निवासी दीपक यादव का नंबर निकाला. दीपक को कॉल करके उन्हें शूटिंग के लिए बुक किया और बनारस से गोरखपुर बुलाया. 21 मार्च को जब दीपक अपने साथी सचिन यादव के साथ गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे. वहां पर सुशील ने प्लानिंग के अनुसार अपने स्टूडेंट रंजीत को लगाया था. प्लानिंग के अनुसार रंजीत अपाची बाइक से बनारस आए दीपक और सचिन को लेकर कुशीनगर लखनऊ फोरलेन जंगल चवरी लोनिया टोला के सामने आया. वहां पहले से मुस्तैद सुशील ने अपनी टीम के साथ मिलकर तमंचे के दिखाकर दीपक और सचिन का सामान यानी 6.50 लाख के मंहगे कैमरे और लेंस लूट लिया.

### लूट में शामिल बदमाश

पकड़े गए सभी आरोपी देवरिया के हैं. इसमें सरगना सुशील पासवान के साथ डांस सीखने वाले स्टूडेंट अनिकेत भारती उर्फ मोनू, अभिषेक पासवान उर्फ भोलू, सुनील बासफोर्ड उर्फ सनी देवल और रंजीत कुमार गौड़ उर्फ रंचो को खोराबार पुलिस ने अरेस्ट किया है. इनके पास से दो 315 बोर का तमंचा, एक रिवाल्वर और 9 जिंदा कारतूस बरामद किया है. साथ ही पुलिस ने लूटा गया दो कैमरा 5 डी मार्क, 4 लेंस समेत सारा सामान बरामद कर लिया है.

### देवरिया में भी लूटा था कैमरा

एसएसपी ने बताया कि सुशील ने फेसबुक से नंबर निकालकर 5 लोगों को शूटिंग के लिए बुलाया था. जिसमे से 3 नही आए. दो लोग आए जो इनके शिकार बने. गोरखपुर की घटना से पहले इन लोगो ने 17 मार्च 2023 को अर्चना नामक एक युवती को बुलाकर कैमरा आदि देवरिया में ही लूटा था. अर्चना सुशील के डांस की फैन थी. इसलिए वो इनके जाल में फंस गई.

# हत्यारोपित की तलाश में पंजाब पुलिस ने डाला डेरा

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 March):** हत्यारोपित की तलाश में पंजाब की पुलिस पीपीगंज और कैंपियरगंज में चार दिनों से डेरा डाले हुए है. स्थानीय पुलिस के साथ वह आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी कर आरोपित की तलाश कर रही है. पुलिस के अनुसार उसके मोबाइल फोन का लोकेशन इसी क्षेत्र में बता रहा है.

पंजाब प्रांत के लुधियाना में 10 दिन पूर्व एक युवक की हथौड़े से मारकर हत्या कर दी गई थी. हत्या के बाद आरोपित फरार हो गया. उधर, मुकदमा दर्ज करने के बाद पंजाब पुलिस आरोपित के मोबाइल लोकेशन से तलाश शुरू की. पंजाब पुलिस ने बताया कि पांच दिन पहले आरोपित के मोबाइल फोन का लोकेशन गोरखपुर जिले में मिला. उसे ढूंढते हुए यहां पहुंचे थे. इसके बाद चार दिन से उसके मोबाइल का लोकेशन पीपीगंज और कैंपियरगंज क्षेत्र में मिल रहा है. छापेमारी की जा रही है, लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल सका है. बार-बार उसका लोकेशन बदल रहा है. आरोपित युवक का नाम पूछने पर पंजाब पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद बताने को कहा. थाना प्रभारी पीपीगंज दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पंजाब पुलिस हत्यारोपित के तलाश में आई है. वह अपने रिश्तेदारों के यहां घूम रहा है. बार-बार मोबाइल फोन पर लोकेशन बदल रहा है. जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# मूंगफली के दाने गिनवाकर ठग लिए 4 लाख रुपए, एफआईआर

### लकड़ी पर पॉलिश लगवाने के ठेका देने के बहाने बुलाया

**GORAKHPUR (23 March):** कैन्ट थाना क्षेत्र में अजीबोगरीब तरीके से एक व्यापारी के साथ ठगी हुई. फर्नीचर पर पालिश लगाने का ठेका देने के लिए पहले व्यापारी को शहर के एक रेस्टोरेंट में बुलाया गया. वंहा उसे मूंगफली का दाना गिनने को बोला गया. जब वो दाने गिन लिए तो उनसे कहा गया कि वह गेम हार गए है. फिर उस व्यापारी से धोखे से 4 लाख रुपये वसूल लिए गए. पीड़ित पंचम निषाद की तहरीर पर कैंट पुलिस ने बुधवार को चार अभियुक्तों पर केस दर्ज कर किया है.




### रेस्टोरेंट में बुलाकर की ठगी

बेलीपार के बिस्टोली खुर्द निवासी पंचम निषाद मुंबई में लकड़ी पर पालिश लगाने का काम करते थे. वर्तमान में वह बेलीपार में लकड़ी के फर्नीचर का शोरूम खोले हैं. तहरीर में बताया है कि उनके दुकान पर एक व्यक्ति बाइक से आया. उसने फर्नीचर पर पालिश लगाने का ठेका देने के लिए उसे शहर के मोहद्दीपुर स्थित अवंतिका एंड वुडलैंड रेस्टोरेंट बुलाया. जब पंचम 4 मार्च 2023 को रेस्टोरेंट पहुचे तो उन्हें फर्नीचर का सैंपल दिखाकर मेजरमेंट्स लिया गया. फिर उनसे कहा गया कि आप बैठिए और चाय पीजिए तबतक हमलोग मैडम के आते ही चेक साइन कराकर एडवांस दे देंगे. पंचम वंहा बैठ गए. आरोप है कि इस दौरान उन्हें मूंगफली का दाना गिनने को दिया गया. पहले उनसे बोला गया कि वह मूंगफली के गेम में 30 लाख जीत गए. उन्हें दुबारा फिर मूंगफली गिनवाया गया. जिसमें 45 लाख हारना बताया गया. इसके बाद पंचम से 2 लाख जबरन धमकी देकर लिया गया. आरोप है कि दुबारा उन्ही लोगो ने फोन कर 6 मार्च 2023 को पंचम को धोखे से देवरिया बुलाया. वंहा भी उनसे 2 लाख कैश लिया गया. इस तरह पंचम में 4 लाख की ठगी की हुई.

## सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर को पकड़ा

गोरखपुर। रामगढ़ताल क्षेत्र के आजाद चौक से बुधवार को बाइक पर रखे बैग से नकदी और कीमती सामान चोरी करने वाले बांसगांव क्षेत्र के मरवटिया टोला निवासी विकास सिंह को पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। बस्ती जिले के रहने वाले अरविन्द सक्सेना स्पोर्ट्स कॉलेज के पास रहते हैं। बुधवार को आजाद चौक से उनका बैग चोरी हो गया था।

# 2 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खुली, तीन पर इनाम

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 March):** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार को दो बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली. दुष्कर्म व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे पिता-पुत्र समेत तीन आरोपितों पर इनाम घोषित किया. अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपित देवरिया जिले का रहने वाला है.




बेलघाट पुलिस ने विकास पाठक उर्फ दीपू निवासी चाईपुर की हिस्ट्रीशीट खोली है. उसके विरुद्ध रामगढ़ताल, चिलुआताल थाने में डकैती, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के चार मुकदमे दर्ज हैं. कैंपियरगंज थाना पुलिस ने रामविशुन साहनी निवासी भगवानपुर की हिस्ट्रीशीट खोली. उस पर कैंपियरगंज व राजघाट थाने में गैंगस्टर और जालसाजी के तीन मुकदमे दर्ज हैं. खोराबार थाना पुलिस की रिपोर्ट पर एसएसपी ने अपहरण व दुष्कर्म के आरोपित मूल रूप से देवरिया के गौरीबाजार के नौगांवा भटौली बुजुर्ग निवासी अशोक कुमार पर 10 हजार का इनाम घोषित किया है. मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वह फरार है. वहीं, गोरखनाथ थाना पुलिस ने हुमायूंपुर शनि मंदिर के पास रहने वाले हिमांशु सामान्त उर्फ अंसुल व उसके पिता राकेश सामान्त के विरुद्ध 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है. दोनों पर वर्ष 2019 में गोरखनाथ थाना पुलिस ने धोखाधड़ी व साहूकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था, तबसे दोनों फरार हैं.


# प्रिया ने मुंह बोले पति से तान्या किन्नर पर चलवाई थी गोली

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (23 March): सहजनवां थाना क्षेत्र में तान्या किन्नर को गोली मार कर हत्या का प्रयास करने वाले 3 आरोपियों को गुरुवार को सहजनवां पुलिस ने अरेस्ट कर लिया. जबकि दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है. अबतक किरन किन्नर समेत 4 की गिरफ्तारी हो चुकी है. पुलिस के अनुसार तान्या को गोली क्षेत्र विवाद में प्रिया किन्नर ने अपने मुंह बोले पति रणविजय यादव और उसके साथियों से इस घटना को अंजाम दिलाया था.

## 19 को मारी गई थी गोली

पुलिस लाइन में गुरुवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर और एसपी नॉर्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि 19 मार्च को तान्या किन्नर निवासी भीमापार थाना सहजनवां को बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा जान से मारने की नियत से गोली मार दिया गया था. जिसके बाद किन्नरों ने अर्धनग्न होकर फोरलेन जाम कर बवाल काटा था. पुलिस ने नामजद आरोपी किरन किन्नर को अरेस्ट कर जेल भेजा था. पुलिस ने घटना में शामिल रणविजय यादव पुत्र राम प्यारे यादव




एसएसपी ने दी वारदात की जानकारी.

निवासी सुरदही, दुर्गेश मद्धेशिया पुत्र स्वर्गीय हरकेश गुप्ता निवासी केशवपुर थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर एवं रवि यादव पुत्र जगनरायण यादव निवासी बडी सुरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद संत कबीर नगर को भी गिरफ्तार कर लिया. जबकि दो आरोपी अतुल और संगम अभी भी फरार हैं.

## छह माह से था विवाद

एसपी नॉर्थ ने बताया कि अभियुक्त रामकरन भारती उर्फ प्रिया किन्नर तथा तान्या किन्नर के बीच क्षेत्र बंटवारे को लेकर 6 माह पूर्व काफी विवाद हुआ था. उस विवाद में तान्या ने प्रिया का कुछ क्षेत्र अपने हिस्से में ले लिया था इसी बात से प्रिया और तान्या मे विवाद चल रहा था. जिसके कारण प्रिया ने तान्या को रास्ते से हटाने के लिए हत्या का षड्यंत्र रच डाला. प्रिया अपने गुरु किरन किन्नर से अनुमति लेकर, अपने पुरुष मित्र (मुंहबोले पति) रणविजय यादव को पूरी बात बतायी.जिसके बाद मुंहबोले पति रणविजय ने यह बात अपने दोस्तों से बताई. जिसके बाद रणविजय ने तान्या किन्नर के पूर्व ड्राइवर दुर्गेश मद्धेशिया से सम्पर्क किया. जिसे फरवरी माह से तान्या ने अपनी ड्राइवरी से निकाल दिया था. दुर्गेश मद्धेशिया ने इस काम मे अपने पुराने मित्र रवि यादव को भी मिला लिया.

इस काम मे रणविजय का मित्र अतुल दूबे, संगम, सोनू भी शामिल हुए. घटना के वक्त दुर्गेश मद्धेशिया मोटर साइकिल पल्सर चला रहा था और रणविजय यादव पल्सर पर पीछे बैठा था. रणविजय ने ही तान्या को जान से मारने के इरादे से पीछे से गोली मारी थी. एसओ सहजनवां महेंद्र मिश्रा और उनकी टीम ने रणविजय, दुर्गेश व रवि यादव को गिरफ्तार कर उनके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा करतूस, एक खोखा कारतूस 315 बोर, रेड-ब्लैक कलर की प्लसर मोटर साइकिल भी बरामद किया है.

# हत्या के जुर्म में दो को उम्रकैद की सजा

गोरखपुर। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेजप्रताप तिवारी ने पीपीगंज के फुलवरिया निवासी नागेंद्र सिंह व भरत सिंह को उम्रकैद एवं 12-12 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह एवं एडीजीसी जयनाथ यादव का कहना था कि पीपीगंज क्षेत्र के फुलवरिया निवासी रामप्रताप पांडेय की 25 दिसम्बर 2004 को हत्या कर दी गई थी।

# बेच रहे थे नकली सामान, केस दर्ज

गोरखपुर। बशारतपुर स्थित एक शोरूम से बुधवार की शाम पुलिस ने भारी मात्रा में एक कंपनी के नकली जूते, टी-शर्ट और लोवर बरामद किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई कंपनी की शिकायत पर की है। गुरुवार को दुकानदार और कर्मचारी के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी, कॉपीराइट की धारा में केस दर्ज कर सामान जब्त कर लिया है।

# अपहरण व धमकी के आरोपित को दबोचा

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने अपहरण और धमकी देने के आरोपित को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान पीपीगंज कस्बा निवासी बिट्टू उर्फ विनय कुमार मद्देशिया के रूप में हुई।

# किशोरी को अगवा कर रेप का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। झंगहा पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान झंगहा क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव निवासी मुकेश उर्फ झब्बर के रूप में हुई।

# दुष्कर्म के अभियुक्त को दस साल की सजा

गोरखपुर। दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने पिपराइच थानाक्षेत्र के बैलो निवासी अभियुक्त असलम को दस साल के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना था कि घटना के बाद शिकायत पर अभियुक्तों ने पीड़ित परिवार को धमकाया भी था।

# हत्या के दो आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। हत्या के मामले के अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने गोरखनाथ थानाक्षेत्र के पुराना गोरखपुर निवासी आरोपित मोहम्मद हाशिम व इमरान की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि वादी के भाई मेराजुल की हत्या की गई थी।

# तमंचा लहराने का वीडियो वायरल

**खोराबार, हिन्दुस्तान संवाद।** सोशल मीडिया पर एक कार्यक्रम के दौरान तमंचा लहराने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो खोराबार क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो की जानकारी होने पर पुलिस जांच में जुट गई है।

वायरल वीडियो में एक व्यक्ति तमंचा लहराते दिख रहा है। तमंचा लहरा रहा व्यक्ति प्रधान पति बताया जा रहा है। कुछ दिन पहले भी यह वीडियो वायरल हुआ था लेकन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। इससे पहले भी क्षेत्र के अलग-अलग गांव डुमरी, मिर्जापुर बाजार से सोनवे गांव तक चारपहिया वाहन पर बैठकर, डांगीपार, कुसम्ही बाजार आदि स्थानों पर तमंचा लहराने का फुटेज वायरल हो चुका है। खोराबार इंस्पेक्टर जयनारायण शुक्ल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, जांच कराने के बाद कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार देर रात पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की जा रही थी।

# बाल सुधार गृह में मोबाइल चलाते पकड़े गए अपचारी

गोरखपुर, निज संवाददाता। तिवारीपुर क्षेत्र के सूर्यविहार में स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में गुरुवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, एडीएम सिटी विनीत सिंह और प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह ने छापा मारा। यहां बाल अपचारियों के पास से 22 मोबाइल, चार्जर, बैटरी, ईयरफोन आदि बरामद हुए।

बाल अपचारियों के पास से इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद देख अधिकारियों के भी होश उड़ गए। अचानक बाल सुधार गृह में पड़े इस छापे से यहां बाल अपचारियों और वार्डन में अफरातफरी मच गई। अधिकारियों ने यहां एक-एक कमरे की तलाशी ली। अपचारियों ने कमरे में लगे बिजली के बोर्ड को खोलकर मोबाइल छिपा रखा था तो किसी ने जमीन में गड्ढा खोदकर मोबाइल गाड़ रखा था। मोबाइल बरामद होने के बाद अधिकारियों ने बाल सुधार गृह के अधीक्षक से पूछा तो वह कोई जवाब नहीं दे सके। बाल सुधार गृह की क्षमता फिलहाल 50 बाल अपचारियों की है लेकिन यहां 170 बाल अपचारी हैं। क्षमता से अधिक बाल अपचारी होने पर भी अधिकारियों ने नाराजगी जताई।

**22** मोबाइल बरामद हुए बाल संप्रेक्षण गृह में छापेमारी के दौरान

## अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई को पत्र लिखेंगे

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अपचारियों के पास से इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल मिलना बेहद गंभीर विषय है। इसके लिए वहां के वार्डन और अधीक्षक जिम्मेदार हैं। पूछने पर वे कोई ठोस जवाब भी नहीं दे सके। वार्डन के खिलाफ कार्रवाई को पत्र लिखा जाएगा।

# छेड़खानी का विरोध करने पर पीटा, केस दर्ज

सरहरी। गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को घर में घुस कर युवती से मनबढ़ों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर उसे मारपीट कर फरार हो गए। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस को दिए तहरीर में पीड़िता के पिता ने बताया है कि वह लोग बुधवार के घर से कुछ दूरी पर भोजन कने गए थे। उनकी बेटी घर पर अकेली थी।

# पिता-पुत्र समेत तीन बदमाशों पर इनाम घोषित

गोरखपुर। धोखाधड़ी के आरोपित पिता-पुत्र समेत तीन बदमाशों पर एसएसपी ने गिरफ्तारी के लिए 15-15 हजार रुपये इनाम घोषित किया है। उनके खिलाफ गोरखनाथ थाने में केस दर्ज हैं। वहीं, खोराबार थाने के अपहरण और रेप के मामले में फरार चल रहे तीसरे बदमाश पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

## एसएसपी के नाम पर 68 हजार ठगे

चौरीचौरा। पुलिस अधीक्षक के नाम पर फोन कर जालसाज ने जेल भेजने की धमकी देकर खाते में तकरीबन 68 हजार रुपये मंगवा लिए।

पीड़ित ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर तीन मोबाइल नंबरों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चौरीचौरा क्षेत्र के नगर पंचायत मुंडेरा बाजार में समायोजित राघोपुर निवासी रविन्द्र पुलिस को बताया कि उसके पिता तमिलनाडु में पेंट का काम करते हैं।

# यूट्यूबर ने शिष्यों संग की थी वीडियो कैमरे की डकैती

गोरखपुर, निज संवाददाता। रामनगर कडजहा फोरलेन पर वीडियो कैमरा व अन्य सामग्री की डकैती का पुलिस ने गुरुवार को पर्दाफाश कर दिया।

पुलिस के अनुसार यूट्यूब पर अपना चैनल चलाने वाले देवरिया के सुशील ने शिष्यों संग मिलकर डकैती डाली थी। पुलिस ने यूट्यूब चैनल संचालक समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान देवरिया के सेमरहिया निवासी सुशील पासवान, बरपार बरारी निवासी अनिकेत उर्फ मोनू, सेमरहिया के अभिषेक उर्फ भोलू, बरपार बरारी निवासी सुनील उर्फ सनी, बेलवा निवासी रंजीत उर्फ रंचो के रूप में हुई है। उनके पास से दो तमंचा, दो कारतूस, एक रिवाल्वर 32 बोर, 7 कारतूस, दो कैमरा 5 डी मार्क, चार बैटरी, दो चार्जर, ट्राइपोर्ट बरामद किया।

# प्रिया किन्नर ने मरवाई थी तान्या को गोली, तीन दबोचे




तान्या किन्नर को गोली मारने की घटना का खुलासा करते एसएसपी, एसपी नार्थ और सीओ कैम्पियरगंज। साथ में गिरफ्तार तीनों आरोपित। • हिन्दुस्तान

**हि फॉलोअप**

गोरखपुर, निज संवाददाता। सहजनवा क्षेत्र मे तान्या किन्नर को गोली मारकर हत्या के प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को गुरुवार को सहजनवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि दो अन्य फरार हैं। पुलिस लाइन में गुरुवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी नॉर्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि 19 मार्च को तान्या किन्नर को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दिया गया था।

इसके बाद किन्नरों ने अर्धनग्न होकर फोरलेन जाम कर खूब बवाल काटा था। पुलिस ने नामजद आरोपी किरन किन्नर को सोमवार को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने घटना में सम्मिलित रणविजय यादव निवासी सुरदही, दुर्गेश मद्धेशिया निवासी केशवपुर थाना सहजनवा और रवि यादव निवासी बड़ी सरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद को भी गिरफ्तार कर लिया। जबकि दो आरोपी अतुल और संगम फरार हैं। एसपी नॉर्थ ने बताया कि आरोपी रामकरन भारती उर्फ प्रिया किन्नर और तान्या किन्नर के बीच क्षेत्र बंटवारे को लेकर छह माह पूर्व काफी विवाद हुआ था। इसी बात से प्रिया और तान्या में विवाद चल रहा था, जिसके कारण प्रिया ने तान्या को रास्ते से हटाने के लिए हत्या का षड्यंत्र रच डाला।

## गुरु किरन से ली थी हमले की अनुमति

प्रिया अपने गुरु किरन किन्नर से अनुमति लेकर, अपने पुरुष मित्र रणविजय यादव संग हत्या की साजिश रची। रणविजय ने तान्या किन्नर के पूर्व ड्राइवर दुर्गेश से सम्पर्क किया। दुर्गेश ने मित्र रवि यादव को भी मिला लिया। वहीं इस काम में रणविजय का मित्र अतुल दुबे, संगम और सोनू भी शामिल हुए। घटना के वक्त दुर्गेश बाइक चला रहा था और रणविजय यादव बाइक पर पीछे बैठा था। रणविजय ने ही तान्या पर गोली चला दी। सहजनवा थानेदार महेंद्र मिश्र व उनकी टीम ने आरोपित रणविजय, दुर्गेश और रवि को दबोच उनके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक करतूस, एक खोखा 315 बोर और बाइक बरामद किया है।

# किन्नर के पति ने तान्या को मारी थी गोली

## तीन आरोपित गिरफ्तार, साजिश में शामिल किन्नर को पहले ही भेजा जा चुका है जेल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** तान्या किन्नर की हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपितों को सहजनवां थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों में प्रिया किन्नर का पति भी शामिल है। उसने अपने साथियों संग मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपितों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल पल्सर बाइक, 315 बोर का एक तमंचा, एक कारतूस व खोखा बरामद हुआ। अब तक पुलिस चार आरोपितों को जेल भेज चुकी है।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर बताया कि 19 मार्च को भीमापार गांव निवासी तान्या किन्नर को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारी थी। छह नामजद आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने संत कबीरनगर जिले की रहने वाली किरन किन्नर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। छानबीन में पता चला कि प्रिया किन्नर के पति सहजनवां के सुरदही निवासी रणविजय यादव ने केशवपुर निवासी दुर्गेश मद्धेशिया, सुरौली निवासी रवि यादव, अतुल दूबे, संगम व सोनू के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। गुरुवार की सुबह सहजनवां थाना पुलिस ने रणविजय, दुर्गेश व रवि यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि क्षेत्र बंटवारे को लेकर तान्या किन्नर से प्रिया का छह माह से विवाद चल रहा था। पूरे क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए प्रिया ने तान्या को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या की साजिश रची। अपने गुरु किरन किन्नर से अनुमति लेकर पति रणविजय को इसकी जिम्मेदारी दी थी। एसएसपी ने बताया कि जल्द ही अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस की गिरफ्त में हत्या की कोशिश करने वाले आरोपित व मौजूद एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर • जागरण

**ड्राइवर ने की थी रेकी :** घटना में शामिल दुर्गेश मद्देशिया पहले तान्या किन्नर की गाड़ी चलाता था। एक माह पहले विवाद होने पर तान्या ने उसे नौकरी से निकाल दिया। जानकारी होने पर रणविजय यादव उसे साथ लेकर घूमने लगा। दुर्गेश ने ही रणविजय से रवि यादव को मिलाया। इसी ने तान्या की रेकी की थी। बधाई देकर निकलते ही रणविजय को फोन कर बताया तो साथियों संग पहुंच उसने तान्या को लक्ष्य कर गोली मार दी। संयोग ठीक रहा कि गोली सिर पर नहीं लगी। दुर्गेश बाइक चला रहा था, जिस पर रणविजय बैठा था। दूसरी बाइक पर अतुल दूबे व संगम और तीसरी बाइक पर सोनू व रवि यादव सवार थे।

### थाने में दारोगा से भिड़े किन्नर, आरोपित को देखने के बाद लौटे

**जासं. सहजनवां :** गोली लगने से घायल हुई तान्या किन्नर गुरुवार को साथियों संग सहजनवां थाने पहुंची। आरोपितों पर कार्रवाई की मांग कर रहे किन्नर थाने के एक दारोगा से भिड़ गए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थिति पर काबू पाया। पकड़े गए आरोपितों को देखने के बाद हंगामा कर रहे किन्नर शांत हुए। मामले की गंभीरता देख पीएसी बुलानी पड़ी, जिसके बाद किन्नर लौट गए। थानाध्यक्ष सहजनवां महेंद्र मिश्रा ने कहा कि किन्नर घायल तान्या के साथ आए। थोड़ा आक्रोशित हुए लेकिन समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया।

# यू-ट्यूबर ने शिष्यों संग मिलकर लूटा था वीडियो कैमरा

- अपना प्रोडक्शन हाउस बनाने के लिए बुकिंग करके युवक को बुलाया था
- देवरिया जिले के रहने वाले हैं सभी आरोपित, न्यायालय ने भेजा जेल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** खोराबार में फोरलेन पर गाजीपुर जिले के दो युवकों से वीडियो कैमरा व अन्य सामग्री लूटने वाले पांच बदमाशों को पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। यू-ट्यूब पर अपना चैनल चलाने वाले युवक ने खुद का प्रोडक्शन हाउस बनाने के लिए डांस सीखने वाले अपने शिष्यों संग मिलकर लूट की थी। यूट्यूब चैनल संचालक समेत पांच आरोपितों के कब्जे से दो कैमरा, चार बैटरी, दो चार्जर, ट्राईपाड, घटना में इस्तेमाल बाइक के अलावा रिवाल्वर व दो तमंचा, सात कारतूस बरामद हुआ। गुरुवार को दोपहर में न्यायालय में पेश कर आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने गुरुवार की दोपहर पुलिस लाइंस में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गाजीपुर के बहरियाबाद थानाक्षेत्र स्थित हुयुजपुर निवासी दीपक यादव व शादियाबाद के मरदानपुर गांव निवासी सचिन यादव गाना की शूटिंग करता है। दोनों वाराणसी में रहते हैं।

21 मार्च 2023 को देवरिया में गाना की शूटिंग करने के लिए दोनों ट्रेन से गोरखपुर पहुंचे।

स्टेशन पर देवरिया जिले के महुआडीह थानाक्षेत्र स्थित बेलवा बाजार निवासी रंजीत कुमार गौड़ ने रिसीव किया। बाइक से फोरलेन के रास्ते दीपक व सचिन को लेकर वह देवरिया जा रहा था।

दोपहर में दो बाइक से आए चार बदमाशों ने बाइक रोककर पिटाई करने के बाद असलहा सटाकर दीपक व सचिन का वीडियो कैमरा लूट लिया। वारदात के बाद सभी आरोपित फरार हो गए।

लूट का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की तो पता चला कि शूटिंग के लिए कैमरा बुक कराने वाले युवकों ने ही लूट की है।

गुरुवार की सुबह खोराबार थाना पुलिस ने यूट्यूब पर भोजपुरी चैनल चलाने वाले देवरिया जिले के महुआडीह थानाक्षेत्र स्थित सेमरहिया निवासी सुशील पासवान को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि वह डांस क्लास चलाता है।

खुद का प्रोडक्शन हाउस खोलने के लिए वीडियो कैमरा के साथ ही अन्य उपकरण की जरूरत थी।जिसे पूरा करने के लिए शूटिंग करने के बहाने दीपक व सचिन को कैमरा के साथ देवरिया बुलाया। रास्ते में डांस सीखने वाले शिष्य बरपार बरारी निवासी अनिकेत भारती उर्फ मोनू, सेमरहिया के अभिषेक पासवान उर्फ भोलू, बरपार बरारी निवासी सुनील कुमार बांसफोड़ उर्फ सनी, बेलवा बाजार निवासी रंजीत कुमार गौड़ उर्फ रंचो के साथ मिलकर 6.50 लाख रुपये कीमत का कैमरा लूट लिया।

### पांच लोगों को किया था फोन दो से की लूट



पुलिस के अनुसार सुशील व उसके साथियों ने फेसबुक से नंबर निकालकर पांच लोगों को शूटिंग के बहाने वीडियो कैमरा लेकर देवरिया बुलाया, जिसमें तीन लोग नहीं आए। दो लोग पहुंचे तो उनका कैमरा लूट लिया। पुलिस के अनुसार 17 मार्च 2023 को सुशील व उसके साथियों ने डांस सीखने वाली अर्चना नामक एक युवती का कैमरा देवरिया में ही लूटा था। इसके बाद इन लोगों ने देवरिया, दिल्ली, लखनऊ व वाराणसी के लोगों को बुलाया था। पूछताछ में आरोपितों ने जुर्म स्वीकार किया।

### डकैती में तरमीम हुआ लूट का मुकदमा

कैमरा लूटने वाले बदमाशों की संख्या पांच होने की वजह से खोराबार थाना पुलिस ने लूट के मुकदमे को डकैती में तरमीम कर दिया है। आरोपितों के कब्जे से असलहा बरामद होने के बाद आर्म्स एक्ट का मुकदमा भी दर्ज किया गया है। एसएसपी ने बताया कि बरामद असलहा आरोपितों ने बिहार से खरीदा था। किससे खरीदा था, इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# एसएसपी के निर्देश पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज

गोरखपुर : गुलरिहा थाना पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया। हरसेवकपुर नंबर दो हाता टोला निवासी सुरेश पांडेय ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि वाट्सअप काल कर जालसाज ने 1.20 लाख रुपये उड़ा दिए। तहरीर देने के बाद भी थाने पर सुनवाई नहीं हुई। सुरेश ने तहरीर में बताया कि सात मार्च को पुत्र विवेक गूगल क्रोम पर बेस्ट बाई अप्लिकेशन पर शेयर खरीदने के लिए सर्च कर रहा था। इसी दौरान वाट्सअप काल आई और 1.20 लाख रुपये कट गए।

# चार लोगों पर मारपीट का मुकदमा

**जासं, हरपुर बुदहट:** रामपुर गरथौली में महिलाओं को पीटने के आरोप में पुलिस ने संजय, राजू, अंगद, शैलेन्द्र पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार को मुनक्का देवी ने तहरीर दी थी। पीड़ित ने बताया कि आरोपितों ने घर मे घुसकर महिलाओं को मारपीट कर घायल कर दिया। दरवाजे पर बंधे पशुओं को भी पीटा।

**दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी:** मुंडेरा बाजार : सोनबरसा बाजार में गुरुवार की शाम योगेन्द्र कुमार पासवान के दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी हो गई।

# बाल संप्रेक्षण गृह में मिले 22 मोबाइल फोन

**जासं, गोरखपुर** : जिला जज तेज प्रताप तिवारी गुरुवार की दोपहर एसपी सिटी व एडीएम सिटी के साथ सूर्यकुंड स्थित बाल संप्रेक्षण गृह पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने संप्रेक्षण गृह की जांच की तो बाल अपचारियों के पास से 22 मोबाइल फोन, चार्जर, बैटरी, ईयरफोन और गुटखा बरामद हुए। जिला जज ने लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बाल संप्रेक्षण गृह में 170 अपचारी हैं। गुरुवार की दोपहर 1:30 बजे जिला जज के साथ अधिकारी पहुंचे। इस दौरान एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिसकर्मियों से एक-एक कमरे की तलाशी शुरू कराई तो बिजली के बोर्ड के अंदर छिपाकर रखे गए मोबाइल फोन बरामद हुए। कई अपचारियों ने गड्ढा खोदकर पालीथिन में रखकर मोबाइल फोन दबाकर रखा था।

**निरीक्षण**



बाल संप्रेक्षण गृह में बरामद हुए मोबाइल फोन। सौ. इंटरनेट मीडिया

मोबाइल बरामद होने के बाद अधिकारियों ने बाल सुधार गृह के अधीक्षक से इसके बारे में पूछा तो वे जवाब नहीं दे सके। जिला जज के निर्देश पर तिवारीपुर थाना पुलिस ने मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है। एडीएम सिटी विनीत सिंह ने बताया कि दोषियों पर कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा।

# अपहरण का मुकदमा

**पिपराइच :** क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने विकास निषाद पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुरुवार को किशोरी की मां की तहरीर पर की है। थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है। (जासं)

## दो बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खुली, तीन पर इनाम

**जासं, गोरखपुर :** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार को दो बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली। दुष्कर्म व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे पिता-पुत्र समेत तीन आरोपितों पर इनाम घोषित किया। अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपित देवरिया जिले का है। बेलघाट पुलिस ने विकास पाठक उर्फ दीपू निवासी चाईपुर की हिस्ट्रीशीट खोली है। उस पर रामगढ़ताल, चिलुआताल थाने में डकैती, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के चार मुकदमे दर्ज हैं।

कैंपियरगंज थाना पुलिस ने रामविशुन साहनी निवासी भगवानपुर की हिस्ट्रीशीट खोली। उस पर कैंपियरगंज व राजघाट थाने में गैंगस्टर और जालसाजी के तीन मुकदमे दर्ज हैं। खोराबार थाना पुलिस की रिपोर्ट पर एसएसपी ने अपहरण व दुष्कर्म के आरोपित देवरिया के गौरीबाजार के नौगांवा भटौली बुजुर्ग निवासी अशोक कुमार पर 10 हजार का इनाम घोषित किया है। वहीं, गोरखनाथ थाना पुलिस ने हुमायूंपुर शनि मंदिर के पास रहने वाले हिमांशु सामान्त उर्फ अंसुल व उसके पिता राकेश सामान्त के विरुद्ध 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। दोनों पर 2019 में गोरखनाथ थाना पुलिस ने धोखाधड़ी व साहूकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था, तबसे दोनों फरार हैं।

# जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

**गोरखपुर** : हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के पुराना गोरखपुर निवासी आरोपित मोहम्मद हाशिम व इमरान का जमानत प्रार्थना पत्र अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि वादी मिनहाजुल हक गोरखनाथ थाना क्षेत्र के पुराना गोरखपुर का निवासी है। उसकी एक जमीन नथमलपुर में है जिसका विवाद उसके पट्टीदार मोहम्मद शाहिद उर्फ राजू से चलता है। वादी का भाई मेराजुल हक उसी जमीन पर घर बनवा रहा था। उसी समय आरोपित भूमि विवाद को लेकर सात की संख्या में डंडे से लैश होकर आए और बुरी तरह पीटे। जिससे वादी के भाई को गंभीर चोटें आई। उसे मेडिकल कालेज लाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। (विसं)

# दुष्कर्म में 10 वर्ष की सजा

**गोरखपुर :** दुष्कर्म का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने पिपराइच थाना क्षेत्र के बैलो निवासी अभियुक्त असलम को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर आठ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के मुताबिक वादिनी की लड़की को अभियुक्त जबरदस्ती उठाकर अपने घर ले गया। दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो का हवाला देकर कई बार दुष्कर्म किया। 20 दिसंबर, 2018 को दिन में करीब 10 बजे जब वादिनी ने शिकायत की तो अभियुक्त ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। (विसं)

# हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास

**गोरखपुर** : हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने पीपीगंज थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी अभियुक्त नागेंद्र सिंह व भरत सिंह को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 12 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को तीन माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। घटना 25 दिसंबर, 2004 को दिन में चार बजे तब हुई जब वादी, उसके चाचा रामप्रताप पांडेय और गांव के कुछ लोग चौराहे पर बैठे हुए थे, उसी समय अभियुक्तगण मोटरसाइकिल से आए और वादी के चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी। (विसं)

# सुधरे 800 बदमाश, हिस्ट्रीशीट नष्ट करने पर चल रहा विचार

सतीश पांडेय • गोरखपुर

अशक्त व लंबे समय से अपराध न करने वाले बदमाशों की हिस्ट्रीशीट बंद करने की तैयारी चल रही है। गोरखपुर जोन के 11 जिलों में पुलिस ने ऐसे 800 लोगों को चिह्नित किया है जिनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और 20 वर्ष से उन्होंने कोई अपराध नहीं किया। एडीजी ने सभी जिले पुलिस कप्तान को पत्र लिखकर अपराध से मुंह मोड़ने वालों की हिस्ट्रीशीट बंद करने को कहा है।

एक बार हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद संबंधित व्यक्ति की मृत्यु होने पर ही बंद करने की पुलिस विभाग में परंपरा रही है, जबकि पुलिस रेगुलेशन एक्ट में इसका प्रविधान है कि जिले के पुलिस कप्तान समीक्षा करके इस पर निर्णय ले सकते हैं, लेकिन ऐसा होता नहीं है। एडीजी जोन अखिल कुमार ने सभी जिले के कप्तान से रिपोर्ट मांगी, जिसमें पता चला कि जोन के 800 बदमाश अपराध छोड़ चुके हैं। रिपोर्ट आने के बाद एडीजी ने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरगर व सिद्धार्थनगर के साथ ही देवी पाटन रेंज के सभी जिलों के कप्तान को पत्र लिख अपराध छोड़ चुके लोगों की हिस्ट्रीशीट बंद करने को कहा है।



"सत्यापन में जोन के 11 जिलों में 800 हिस्ट्रीशीटर अशक्त मिले हैं। इनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक हो चुकी है, लंबे समय से इन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। समीक्षा के बाद इन लोगों की हिस्ट्रीशीट बंद करने के निर्देश सभी जिलों के पुलिस कप्तान को दिए गए हैं।

– **अखिल कुमार**, एडीजी जोन

## पुलिस रेगुलेशन एक्ट में कप्तान को है अधिकार

पुलिस रेगुलेशन एक्ट के नियम 231 से लेकर 236 तक वर्णित तथ्यों का संज्ञान लेने के बाद जिले के पुलिस कप्तान अपराध छोड़ चुके संबंधित हिस्ट्रीशीटर का खाका नष्ट करने का आदेश जारी कर सकते हैं।

## जोन में है 8074 हिस्ट्रीशीटर

गोरखपुर जोन के 11 जिलों में 8074 हिस्ट्रीशीट हैं इसमें 167 की मृत्यु हो चुकी है। सत्यापन के दौरान पुलिस को 2000 से अधिक हिस्ट्रीशीटर अपने जिले से बाहर मिले।

# खुद को अफसर बताकर 67 हजार ठगे

## चौरीचौरा पुलिस ने दर्ज किया केस, तीन मोबाइल नंबरों के आधार पर जांच शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

**चौरीचौरा (गोरखपुर)।** चौरीचौरा के मुंडेरा बाजार निवासी रविंद्र निषाद से जालसाज ने पुलिस अधिकारी बनकर 67,850 रुपये की जालसाजी कर ली। तीन अलग-अलग नंबरों पर उसने रुपये मंगाए हैं। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, पीड़ित रविंद्र निषाद ने दी गई तहरीर में लिखा है कि उनके मोबाइल फोन पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस अधीक्षक बताते हुए अपने मोबाइल पर 67, 850 रुपये भेजने को कहा। पीड़ित जालसाज की बातों से डर गया और फिर खाते में रुपये भेज दिए। रविन्द्र निषाद ने बताया कि उनके पिता तमिलनाडु में पेंट पॉलिश का काम करते हैं, उन्हीं के पैसे मेरे खाते में थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन मोबाइल नंबरों के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### व्हाट्सएप कॉल कर खाते से उड़ा लिए 1.20 लाख

**गुलरिया।** इलाके के हरसेवकपुर नंबर दो हाता टोला निवासी सुरेश कुमार पांडेय के खाते से जालसाज ने 1.20 लाख रुपये उड़ा लिए। गुलरिहा पुलिस मामले में केस दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सुरेश कुमार पांडेय ने दी तहरीर में लिखा है कि सात मार्च को उनका पुत्र विवेक एक वेब ब्राउजर पर बेस्ट बाई एप्लिकेशन से शेयर खरीदने के संबंध में सर्च कर रहा था। ब्यूरो

### अस्पताल में नंबर लगवाने के नाम पर 90 हजार ठगे

**भटहट।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के कर्महा बुजुर्ग गांव के मोहम्मद कलाम के खाते से 90 हजार की जालसाजी का मामला सामने आया है। उनका कहना है कि एक नंबर पर पिता के इलाज के लिए संपर्क किया था, जिसके बाद जालसाजी के शिकार हो गए। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद कलाम के पिता हृदय के रोगी हैं। ब्यूरो

# किन्नर के तीन हमलावर गिरफ्तार

## सहजनवां इलाके में हुई थी घटना, हत्या की रची गई थी साजिश

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सहजनवां इलाके के रिठुआखोर में किन्नर तान्या को क्षेत्र बंटवारे में गोली मारी गई थी। पुलिस ने घटना का पर्दाफाश करते हुए शूटर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जांच में पता चला कि प्रिया किन्नर, तान्या की हत्या कराना चाहती थी, ताकि वह पूरे क्षेत्र पर अकेले राज कर सके। उसने रणविजय यादव नाम के उस व्यक्ति को सुपारी दी थी जिसे वह अपना पति मानती है। रणविजय ने दोस्तों संग मिलकर वारदात की थी।

### किन्नर प्रिया के मुंह बोले पति ने दोस्तों संग की थी वारदात, दो आरोपी फरार

घटना में शामिल दो बदमाश अभी फरार हैं, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने तमंचा, कारतूस, खोखा और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान सहजनवां सुरदही निवासी रणविजय यादव, केशवपुर निवासी दुर्गेश मद्धेशिया और संतकबीरनगर के कोतवाली इलाके के सुरौली निवासी रवि यादव के रूप में हुई है।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने पुलिस लाइंस में संयुक्त प्रेस कॉफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी।

एसएसपी ने बताया कि 19 मार्च को सहजनवां के भीमापार निवासी किन्नर तान्या को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर नामजद आरोपी किन्नर किरन को जेल भेजा।

जांच में सामने आया कि प्रिया किन्नर व तान्या किन्नर के बीच क्षेत्र बंटवारे को लेकर छह माह पूर्व काफी विवाद हुआ था। बृहस्पतिवार को भी थाने पर हंगामा किया गया।

# स्विच बोर्ड व दीवार में छिपाए थे मोबाइल

गोरखपुर। एसपी सिटी के मुताबिक, बाल अपचारियों ने मोबाइल फोन को इस तरह से छिपाया था कि उसे आसानी से पकड़ पाना संभव नहीं था।

स्विच बोर्ड के स्क्रू को खोलकर मोबाइल फोन को अंदर रखकर फिर से स्क्रू लगा देते थे। दूसरे अलमारी के अंदर जहां से तार गुजरा था, वहां पर दीवार को तोड़कर तार से चार्जर कनेक्ट किए थे। दीवार में इस तरह से होल किए थे कि उसके अंदर मोबाइल फोन रखकर बाहर से ईंट रखी जा सके। ताकि देखने से लगे कि दीवार टूटी हुई है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई का कहना है कि बाल संप्रेक्षण गृह में जांच के दौरान 22 मोबाइल फोन और चार्जर बरामद किए गए हैं। ब्यूरो

# हत्याभियुक्तों को आजीवन कारावास

गोरखपुर। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने पीपीगंज थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी अभियुक्त नागेंद्र सिंह व भरत सिंह को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 12 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। ब्यूरो

## जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। हत्या के मामले के अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के पुराना गोरखपुर निवासी आरोपी मोहम्मद हाशिम व इमरान की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। ब्यूरो

# अधिवक्ता की मौत पर चार हफ्ते में क्लेम पर विचार

गोरखपुर। प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय में दाखिल जनहित याचिका में कहा कि उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण न्यासी समिति में अधिवक्ताओं की मृत्यु से संबंधित क्लेम के आवेदन पत्रों पर चार सप्ताह के अंदर विचार किया जाएगा। जानकारी मधुसूदन त्रिपाठी ने दी। ब्यूरो

दिखाई सक्रियता — अमर उजाला की मुहिम रंग लाई, अभियान में दो असलहा तस्कर चोरी की बाइक के साथ पकड़े गए

# गोरखपुर फिर न हो बदनाम, इसलिए चलाया अभियान

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** अपराधियों के कारण गोरखपुर फिर न बदनाम हो, इसके लिए पुलिस ने तमंचा तस्करों की धड़पकड़ के लिए अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में बेलघाट पुलिस ने जैती तिराहा के पास से बृहस्पतिवार को दो असलहा तस्करों को दबोच लिया।

आरोपियों के पास से पुलिस ने एक अवैध पिस्टल, मैगजीन, कारतूस बरामद किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो बाइक और एक मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया। दोनों की उम्र 19 वर्ष है।


नहीं पकड़े तस्कर तो बच्चे चलाएंगे तमंचे, गोरखपुर फिर होगा बदनाम

अमर उजाला में 11 मार्च के अंक में प्रमुखता से छपी खबर।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि अमर उजाला में 'नहीं पकड़े तस्कर तो बच्चे चलाएंगे तमंचे, गोरखपुर फिर होगा बदनाम' हेडिंग से प्रकाशित खबर पढ़ने के बाद उन्होंने इसे ही सूत्र वाक्य बनाते हुए अभियान छेड़ दिया है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में बेलघाट पुलिस बृहस्पतिवार को जांच में जुटी थी और दो तमंचा तस्करों को पकड़ा।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान बेलघाट के छितौनी बुजुर्ग निवासी करण और टिकुलियाडाड़ निवासी विशाल उर्फ रिकासू के रूप में हुई है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस को दो संदिग्धों के आने की सूचना मिली थी। तलाशी लेने पर पुलिस को करण के पास से अवैध पिस्टल और उसके साथी विशाल के पास से मैगजीन व कारतूस मिल गया।

पूछताछ में पता चला कि बाइक भी चोरी की है। आरोपियों ने बताया कि आजमगढ़ के एक चाय की दुकान से असलहा लेने गए थे, तभी बाइक चोरी कर ली थी। बरामद मोबाइल भी चोरी का था। दूसरे आरोपी ने बताया कि एक और बाइक चोरी की है। वह बाइक कटया से चोरी की थी और घर पर है। पुलिस ने उस बाइक को भी बरामद कर लिया।

आरोपियों के पास से पुलिस ने पिस्टल, दो बाइक बरामद करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने असलहा से जुड़े कई लोगों के बारे में जानकारी दी है, जिसके आधार पर पुलिस काम कर रही।

# दुष्कर्म के अभियुक्त को दस साल की कैद

**गोरखपुर।** दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने पिपराइच थाना क्षेत्र के बैलो निवासी अभियुक्त असलम को दस साल के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। ब्यूरो

# शोरूम में ब्रांडेड कंपनी के नकली जूते और टी-शर्ट मिले

## कंपनी की शिकायत पर शाहपुर थाने में केस दर्ज पुलिस जांच में जुटी

अमर उजाला ब्यूरो

**पादरी बाजार, गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के मेडिकल कॉलेज रोड के बशारतपुर स्थित एक शोरूम से बुधवार शाम पुलिस ने भारी मात्रा में नामी कंपनी के नकली जूते, टी-शर्ट और लोवर बरामद किया है।

बृहस्पतिवार को दुकानदार व कर्मचारी के खिलाफ पुलिस धोखाधड़ी, कॉपीराइट व ट्रेडमार्क की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

नई दिल्ली लाजपत नगर दक्षिणी निवासी प्रभात कुमार गुप्ता दिल्ली में एक कंपनी में विधिक सहायक रूप में कार्यरत तथा एडीडास, लिवाइस व नाइस कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। प्रभात ने बताया कि कंपनी को छह महीने से नकली जूता, टी-शर्ट बेचने की शिकायत मिल रही थी।

कंपनी के निर्देश पर पांच सदस्यीय टीम के साथ मंगलवार को गोरखपुर पहुंचे और एसपी सिटी से मिलकर नकली उत्पाद बेचने की शिकायत की गई। एसपी के निर्देश पर बुधवार शाम शाहपुर पुलिस के साथ बशारतपुर में लेस्टस रॉक शोरूम में पहुंचे तो वहा भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनी के नकली जूते, टी-शर्ट व लोवर पुलिस ने बरामद की।

# गोरखपुर बाल संप्रेक्षण गृह में 22 मोबाइल फोन और चार्जर मिले

गोरखपुर। शहर के बाल संप्रेक्षण गृह में बृहस्पतिवार को जांच के दौरान 22 मोबाइल फोन और चार्जर मिले। एक बाल अपचारी की सूचना के बाद की गई कार्रवाई से हड़कंप मच गया। खबर है कि दीवारों और बोर्ड के अंदर स्क्रू खोलकर मोबाइल फोन को छिपाया गया था।

जिला जज तेज प्रताप तिवारी, एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ बृहस्पतिवार को बाल संप्रेक्षण गृह पहुंचे थे। इस दौरान एक बाल

## दीवार के अंदर छिपाकर रखे गए थे मोबाइल फोन

अपचारी ने एसपी सिटी से बता दिया कि बगल वाले कमरे में भैया लोग मोबाइल से बात करते हैं।

यह सुनते ही एसपी सिटी ने जिला जज को जानकारी दी और फिर एक एक कमरे की जांच शुरू कर दी गई। इसमें 22 मोबाइल फोन मिले। मामले में जिला जज ने डीएम को कार्रवाई का निर्देश दिया है। ब्यूरो

> संबंधित खबर पेज 4 पर

# दो बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली, तीन पर इनाम

गोरखपुर। अलग-अलग थानों की पुलिस ने बृहस्पतिवार को दो बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोल दी। वहीं, एसएसपी ने तीन बदमाशों पर इनाम घोषित कर दिया। बेलघाट पुलिस ने चाईपुर निवासी विकास पाठक उर्फ दीपू की हिस्ट्रीशीट खोली। उसके खिलाफ रामगढ़ताल, चिलुआताल थाने में डकैती, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट में चार केस दर्ज हैं। वहीं कैंपियरगंज पुलिस ने भगवानपुर निवासी रामकिशुन की हिस्ट्रीशीट खोली। इसपर कैम्पियरगंज व राजघाट थाने में गैंगस्टर और जालसाजी के तीन केस दर्ज हैं। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-03-2023

के लिए प्रेरणा स्रोत है हम अपने देश के प्रति समर्पित और निष्ठावान होने की जरूरत है।

रा० सहारा दि० 24.03.2023

## मारपीट के मामले आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**लार**। लार थाना क्षेत्र के बभनौली पाण्डेय पटखौली टोला गांव में हुई मारपीट के मामले में लार पुलिस ने वादिनी की तहरीर के आधार पर गांव के ही आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध बलवा की धारा 147, 354, 452, 323 व 504 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के बभनौली पाण्डेय टोला पटखौली गांव निवासी प्रीती पत्नी नागेश्वर लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि अखिलानन्द उर्फ स्वागत पुत्र लालबाबू, बलवन्त पुत्र प्रेमशंकर, सुनील कुमार गौड हरेराम गोड, प्रेमशंकर पुत्र बृजलाल, प्रवीण पुत्र शिवशंकर, अभिमन्यु पुत्र हृदयानन्द निवासी बभनौली पाण्डेय टोला पटखौली थाना लार मेरे घर में घुसकर मुझे मारपीट कर मेरा साड़ी फाड़ दिया। साथ ही मेरे साथ जबरदस्ती करना चाहा। बीच बचाव में आये मेरे लड़के व पति को भी गाली गुप्ता देते हुए मारने पीटने लगे।

ने विश्वकर्मा देव से समुद्र के बांधा बांध सोन का एक महल बनवाया।

रा० सहारा दि० 24.03.2023

## मारपीट के मामले में चार पर केस

**लार (एसएनबी)**। लार थाना क्षेत्र के चनुकी मोड़ कोईरी टोला वार्ड में हुई मारपीट के मामले में लार पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध धारा 324 व 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है। लार कस्बा बौली वार्ड निवासी सुरज कुमार पुत्र संतोष ठाकुर ने लार पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 14 मार्च के 6 बजे शाम को चनुकी मोड़ लार से अपने घर जा रहे थे कि रास्ते में मोनू सैनी पुत्र हजारी सैनी, साजन सैनी पुत्र विनोद सैनी, सचिन सैनी पुत्र हजारी सैनी, राजू सैनी पुत्र विनोद सैनी एक गोल एक राय होकर बिना कारण बताये हाथ में धारदार हथियार एवं लाठी डण्डा लेकर हमारे उपर जानलेवा हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव किया तब मै वहा से किसी तरह जान बचाकर भागा।

रा० सहारा दि० 24.03.2023

## चोरी का सोना खरीदने वाले सोनार के दुकान में छापेमारी

**तरकुलवा (एसएनबी )**। चोरी का सोना खरीदने के आरोप में बस्ती पुलिस ने बृहस्पतिवार को तरकुलवा कस्बे के एक स्वर्ण व्यवसाई की दुकान पर छापा मारा। पुलिस ने आभूषण दुकानदार को हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। छापेमारी से कस्बे के स्वर्ण व्यवसाइयों में हड़कंप मच गया। मालूम हो कि करीब एक माह पूर्व चोरों ने बस्ती जनपद के एक स्वर्ण व्यवसाई की दुकान से लाखों के आभूषण चोरी कर लिया था। जिसके छानबीन में पुलिस जुटी हुई थी। आरोप है कि चोरी किया हुआ सोना चोरों ने तरकुलवा कस्बे के एक स्वर्ण व्यवसाई के यहां बेंच दिया।

हिन्दुस्तान 24/03/23

# पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को भेजा जेल

पथरदेवा। गुरुवार को बघौचघाट पुलिस ने गांजे के साथ एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके पास से दो किग्रा गांजा बरामद हुआ है।

मुखबिर ने बघौचघाट थाना प्रभारी मृत्युजंय राय को सूचना दी कि एक व्यक्ति अवैध वस्तु के साथ हड़फोड़ा की तरफ जा रहा है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ देर में रामपुर महोबारी गांव के करीब एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोका तो भागना शुरू कर दिया। सिपाहियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। आरोपित की तलाशी ली गई तो उसके पास से दो किग्रा गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान शशिकांत उर्फ पिंटू यादव निवासी पकड़ियार के रूप में हुई।

# देवरिया की फर्जी शिक्षिका बर्खास्त

सिद्धार्थनगर, निसं। बेसिक शिक्षा विभाग में कूटरचित प्रमाणपत्रों के आधार पर सहायक अध्यापक की नौकरी हथियाने वालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। एसटीएफ की जांच में आए दिन कोई न कोई नया मामला प्रकाश में आ रहा है। हाल में नौगढ़ ब्लॉक के प्रावि बसडिलिया में तैनात प्रधानाध्यापिका अमिता शुक्ला के अभिलेख फर्जी मिले हैं। पुष्टि के बाद बार-बार नोटिस देने के बाद भी जवाब न देने पर बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने गुरुवार को बर्खास्तगी की कार्रवाई की है।

बीएसए ने बताया कि एसटीएफ लखनऊ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की ओर से लिखित रूप से अवगत कराया गया कि नौगढ़ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बसडिलिया में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत और देवरिया के बरहज क्षेत्र के परसिया तिवारी गांव निवासी अमिता शुक्ला के शैक्षिक दस्तावेज फर्जी हैं। बीएसए ने बताया कि इस संबंध में अमिता शुक्ला को अलग-अलग समय में तीन बार नोटिस देते हुए मूल अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया पर कोई जवाब नहीं दिया गया और न ही शैक्षिक प्रमाणपत्र ही उपलब्ध कराए गए। प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद अमिता शुक्ला को बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही बीईओ नौगढ़ को अमिता पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# ...टों पर पहुंच

हिन्दुस्तान दि० 24/03/23

# वांछित को पुलिस ने दबोचा

देवरिया। सदर कोतवाली के भीखमपुर रोड के रहने वाले मोनू वर्मा को सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध सदर कोतवाली में केस दर्ज था। केस दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था।

सुभाष राय, आदि लोग उपस्थित थे। समित की जा रही है। अर्थव्यवस्था यादव, जयराम आदि मौजूद रहे। रूप में हुई।

हिन्दुस्तान दि० 24/03/23

# पुलिसकर्मियों पर रुपये मांगने का आरोप, जांच

**सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** सलेमपुर कोतवाली के तीन सिपाहियों पर एक युवक ने रुपये मांगने का आरोप लगाया है। युवक ने ट्वीटर पर सीएम और पुलिस अधीक्षक को भेजकर जांच की मांग किया था। एसपी ने मामले की जांच सीओ सलेमपुर को सौंपी है।

सलेमपुर कस्बा के टीचर्स कॉलोनी वार्ड के रहने वाले अनुभव मिश्रा ने कोतवाली पुलिस के तीन सिपाहियों पर रुपये मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 17 मार्च को मुहल्ले की एक महिला से मामूली विवाद हो गया था। जिसमें महिला ने थाने में तहरीर दी। उस घटना को लेकर हमें और मुहल्ले के दो और लोगों को 20 मार्च को पुलिस लेकर कोतवाली ले गई। जहां मुझे एक कमरे में बैठाकर प्रताड़ित किया गया और मेरे मित्र को बुलवा कर मुझे छोड़ने के लिए पैसे की मांग की गई। जिसके बाद कोतवाली में तैनात एक सिपाही ने मुझसे 2240 रुपया और मेरा मोबाइल फोन जमा करने के लिए ले लिया।

पीड़ित ने बताया कि तीनों सिपाहियों का ये कहना था कि बड़े साहब का ये कहना है, कि दस हजार तत्काल अगर मिल जाता है तो तुझे छोड़ दिया जाएगा। उसके बाद अगली सुबह तक मेरे मित्रगण एवं मेरे घर वालों से बीस हजार की रकम वसूल लिया गया। उसके बाद मेरा चालान शांति भंग कर दिया गया। गांजे के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है।

# सीबीआई घाटों पर पहुंच जुटा रही जानकारी

- खनन घोटाले की जांच करने आई है सीबीआई
- आधा दर्जन घाटों पर पहुंच कर की पूछताछ

**देवरिया।** अवैध बालू खनन में साक्ष्य के लिए सीबीआई की टीम गुरुवार की सुबह ही जिले के घाघरा और छोटी गंडक के घाटों के लिए निकल गई। दिन भर जिले के आधा दर्जन घाटों पर पहुंच कर टीम ने संघन जांच और पूछताछ किया। उसने घाटों से प्रतिदिन निकलने वाले बालू के बारे में भी पूछताछ किया।

जिले में हुए अवैध बालू खनन के मामले में जांच करने आई सीबीआई की तीन सदस्यीय टीम गुरुवार की सुबह नास्ता करने के बाद पशुपालन विभाग की गाड़ी से सिचाई विभाग के डाक बंगले से निकली। टीम के सदस्यों ने पहले ही एक-एक घाट के बारे में खनन अधिकारियों से बरामद पत्रावलियों को एकत्र कर जानकारी ली थी। टीम ने छोटी गण्डक नदी के सबवट से अहिरौली तक के क्षेत्र के बालू खनन का जायजा लिया। टीम के सदस्यों ने घाट पर पहुंच कर लोगों से प्रतिदिन घाट से निकलने वाले बालू के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही कोटवा से रतनपुरा तक बालू खनन के बारे में जानकारी लिया। सीबीआई घाघरा के बरहज व भागलपुर घाट पर भी पहुंची।

हिन्दुस्तान दि० - 24/03/23

# 17 थानों में 98 करोड़ की लागत से बनेंगे भवन

देवरिया, निज संवाददाता। जिले के 17 थानों में 98 करोड़ की लागत से बैरक और विवेचना कक्ष का निर्माण होगा। नए भवन के बनने से पुलिस कर्मियों के रहने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। दरोगाओं के लिए कक्ष नहीं होने से उन्हें विवेचना करने में परेशानी होती है। आन लाइन विवेचना करने की योजना से थाने में बैठकर कार्य करने के लिए भवन की आवश्यकता थी।

जिले में वर्तमान में महिला और एचटीयू थाना समेत कुल 24 थाने हैं। जिसमें अधिकांश थाने सात दशक पुराने हैं। पुराने थानों के भवन उस समय की आवश्यकता के अनुसार बने हुए हैं। उस समय तैनात पुलिस कर्मी के लिए बैरक और अन्य भवनों का निर्माण किया गया था। समय के अनुसार जनख्या बढ़ती गई। इसके साथ ही पुलिस विभाग पर भार बढ़ता गया। जिसके चलते थानों पर पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाई गई। थानों में उनके रहने की व्यवस्था नहीं बढ़ाई गई।

> 66 जिले के 17 थानों में पुलिस कर्मियों लिए बैरक और विवेचना कक्ष का निर्माण होगा। इसके लिए विभाग ने बजट उपलब्ध हो गया है। आने वाले दिनों में थानों में कार्य शुरु होगा।
>
> –**संकल्प शर्मा**, एसपी, देवरिया

थानों पर तैनात पुलिस कर्मी आस पास के गांव और कस्बों में किराए का मकान लेकर रहते हैं। कोतवाली और थानों में पुलिस कर्मियों के बैरक पर्याप्त संख्या में नहीं थे। वहीं जो बैरक थे वह काफी पुराने और जर्जर हो चुके है। पुलिस अधीक्षक ने थानों में बैरक और दरोगाओं के विवेचना कक्ष की कमी को देखते हुए नए भवन के बनवाने के लिए प्रस्ताव पीएचक्यू को भेजा था। जहां से थानों में बैरक व विवेचना कक्ष के निर्माण की अनुमति शासन ने दिया है। छह थानों में बैरक व विवेचना कक्ष का निर्माण शुरु हो जाएगा।

दैनिक जागरण दि॰ 24.03.2023

# सीबीआइ टीम पहुंची नदी घाट, ली लोगों से जानकारी

जागरण संवाददाता, देवरियाः बालू के अवैध खनन की जांच में जुटी सीबीआइ की टीम गुरुवार को बरहज के सरयू व रामपुर कारखाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी तट पर पहुंची। साथ ही बालू खनन के बारे में आम लोगों से भी बातचीत की। बालू खनने से जुड़े लोगों से पूछताछ भी की है। सूत्रों का कहना है कि कईयों से पूछताछ को नोटिस भी जारी किया है। सीबीआइ टीम के सदस्य एक सप्ताह तक जनपद में रह सकते हैं।

सीबीआइ नई दिल्ली के डिप्टी एसपी अशरफ सिद्दीकी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम प्रकरण की जांच कर रही है। शहर के सिंचाई विभाग के डाक बंगला में रुकी है और अपना कैंप कार्यालय उसी को बनाया है। अवैध खनन से जुड़ी पत्रावलियों को भी खंगाला और लोगों से जानकारी भी ली। पूछताछ के बाद टीम सरयू नदी व गंडक नदी के घाटों पर पहुंची। टीम के जिले में आने के बाद खनन से जुड़े लोगों में खलबली मच गई है।

- बालू खनन से जुड़े मामलों की जांच के लिए दो दिनों से जिले में जमी है सीबीआइ
- बालू खनन से जुड़े दो लोगों से भी की पूछताछ, कईयों को नोटिस देने की कही जा रही बात

## यह है पूरा मामला

पूर्ववर्ती बसपा व सपा सरकार में छोटी गंडक नदी व सरयू नदी में हुए बालू के अवैध खनन के मामले की जांच सीबीआइ कर रही है। सीबीआइ ने जुलाई 2019 में तत्कालीन डीएम विवेक, एडीएम डीएस उपाध्याय, खनन निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, विजय मौर्य के साथ ही बरईपुर निवासी ठीकेदार फूलबदन निषाद व शाहंजहापुर निवासी शारदा यादव समेत आठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। तत्कालीन डीएम व एडीएम के विरुद्ध खनन के पट्टे का नवीनीकरण करने में अनदेखी व खनन निरीक्षकों व अन्य कर्मचारियों ने एमएम-11 फार्म गलत तरीके से जारी करने का आरोप हैं।

खनन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर आरोप है कि उसने वर्ष 2009 में फूलबदन निषाद के नाम से छोटी गंडक नदी के सबवट से अहिरौली तक, कोटवा से रतनपुरा तक तीन वर्ष के लिए गलत तरीके से बालू खनन का पट्टा जारी किया था। इसी तरह से शारदा यादव के नाम से हेतिमपुर में बालू खनन का पट्टा आवंटित गया था। पट्टे की अवधि बीत जाने के डेढ़ साल तक बालू खनन कर ठीकेदार ने अधिकारियों की मिली भगत से करोड़ों रुपये राजस्व की चोरी की।

अमर उजाला दि० 24.03.2023

# कोतवाली के तीन सिपाहियों का रकम लेते सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। कोतवाली के तीन सिपाहियों का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें किसी काम को लेकर कुछ युवकों से पैसा मांगते हुए दिखाई दे रहा है।

इस वीडियो को पीड़ित एक युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल व एसपी को लिखित शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने पोर्टल के माध्यम से इसकी जांच सीओ सलेमपुर को सौंप दी है। उधर, पीड़ित का आरोप है कि शिकायत करने के बाद स्थानीय पुलिस उसे फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दे रही है।

नगर के टीचर्स कॉलोनी वार्ड निवासी अनुभव मिश्रा ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें कोतवाली के तीन सिपाही पैसे की लेनदेन का बात कर रहे हैं। एक सिपाही बोल रहा है कि अगर पहले पैसा दे दिए होते तो तुमको हम बरी कर दिए होते। इसके लिए बात हो गई थी, लेकिन तुमने समय पर पैसे नहीं दिए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसका मोहल्ले की एक महिला से 17 मार्च को मामूली विवाद हो गया। इसमें महिला ने थाने में तहरीर दी।

## वीडियो को मुख्यमंत्री पोर्टल पर डालकर युवक ने कार्रवाई की मांग की

उसी घटना की तहरीर को लेकर रंजिशन उसे और मोहल्ले के दो और लोगों को 20 मार्च को पुलिस ने घर से उठा कर कोतवाली के अंदर बैठा लिया। उसके बाद लगातार हमें एक बंद कमरे में बैठा कर प्रताड़ित किया गया। मित्र को बुलवा कर छोड़ने के लिए पैसे की मांग की गई।

इसके बाद कोतवाली में तैनात एक सिपाही ने मुझसे 2,240 रुपये और उनका मोबाइल फोन जमा करने के लिए ले लिया। तीनों सिपाहियों का ये कहना था कि बड़े साहब का ये कहना है कि 10 हजार तत्काल अगर मिल जाते हैं तो छोड़ दिया जाएगा। उसके बाद घरवालों से 20 हजार रुपये वसूले गए। उसके बाद भी शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

वीडियो शेयर करने के बाद पुलिस गांजे के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। इसकी शिकायत पीड़ित ने एसपी से की है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर वीडियो ट्वीट होने के बाद देवरिया पुलिस ने इस प्रकरण की जांच सीओ सलेमपुर को सौंप दी है। सीओ देव आनंद ने कहा कि शिकायत मिली है। इस प्रकरण की जांच की जा रही है।

अमर उजाला दि० 24.03.2023

# राजस्व और पुलिस टीम के सामने मनबढ़ों ने मैरिज हाल में की तोड़फोड़

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। विवादित भूमि की पैमाइश करने पहुंची पुलिस व राजस्व विभाग की टीम के सामने एक पक्ष के लोगों ने जमकर उपद्रव मचाया। इसी दौरान मनबढ़ों ने मैरिज हॉल में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। इससे कई लोग चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंचे कोतवाल दोनों पक्ष के लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आए। उनसे पूछताछ की गई। वहीं मैरिज हाल के संचालक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के हरैया वार्ड निवासी अजय कुमार विश्वकर्मा ने कोतवाली थाना क्षेत्र के औरंगाबाद अपनी भूमि पर एक मैरिज हाल बनवाया है। आरोप है कि बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार डॉ. भागीरथ सिंह पुलिस बल के साथ उनके मैरिज हाल के पास पहुंचे और बिना किसी को सूचना दिए बगल की एक विवादित भूमि



मैरिज हाल में तोड़फोड़ करते लोग। संवाद

## विवादित भूमि की पैमाइश करने पहुंची थी टीम

की पैमाइश करानी शुरू कर दी। इसी बीच मौके पर पहुंचे दूसरे पक्ष के लोगों ने उनके मैरिज हाल पर पथराव करना शुरू कर दिया। इससे मैरिज हाल का शीशा व मुख्य गेट टूट गया। वहीं पैमाइश के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस और राजस्व विभाग की टीम तमाशाबीन बनी रही।

इसकी सूचना मिलते ही आनन-फानन कोतवाल मौके पर पहुंचे। वह विवाद कर रहे दोनों पक्ष के करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली आ गए। वहीं मैरिज हाल के संचालक अजय कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नायब तहसीलदार डॉ. भागीरथ सिंह ने बताया कि एक पक्ष से बार-बार शिकायत पत्र मिल रही थी।

इसके चलते राजस्व विभाग और पुलिस टीम मौके पर गई थी। इसी बीच कुछ लोगों ने वहां उपद्रव करना शुरू कर दिया। मैरेज हाल का शीशा टूटा है। उपद्रव करने वालों को कोतवाली में बैठाया गया है। उन पर कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। इसकी जांच की जा रही है।

अमर उजाला दि० 24.03.2023

# भाइयों समेत तीन पर मारपीट और छेड़खानी का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## महिला से घर में घुसकर छेड़खानी और विरोध पर सिर फोड़ने का मामला

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के एक गांव की बेवा महिला से घर में घुसकर छेड़खानी करना गांव के युवकों को मंहगा पड़ गया। पुलिस ने गांव के ही दो सगे भाइयों समेत तीन पर घर में घुसकर मारपीट, छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया है। उधर, पीड़िता ने बुधवार को ही तहरीर देकर इंस्पेक्टर से रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई थी।

पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया था कि मैं एक बेवा महिला हूं, अभी मेरे छोटे-छोटे बच्चे है। गांव का एक शख्स हमे गंदी निगाहों से देखता है। जब भी कहीं बाहर बाजार के लिए निकलती हूं तो वह मुझे अकेला देख अश्लीलता करते हुए फब्तियां कसने लगता है। लोकलाज के भय से चुप रहती थी।

बीते 3 मार्च को मै कही बाहर जा रही थी। गांव के बाहर अकेला देख उसने मेरा बाह पकड़ लिया और मेरे साथ अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर छोड़कर भाग निकला। गांव आने के बाद आरोपी के घर जाकर आपबीती सुनाई। जिसपर नाराज होकर उसी दिन रात में आरोपी सहित अन्य तीन लोग दरवाजे पर चढ़ आए।

आरोपी गण भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मेरे घर में घुस गए और मुझसे छेड़खानी करने लगे। मेरे कपड़े भी फाड़ दिए और जब मैं विरोध की तो मारकर सिर फोड़ दिए। उधर, इसके बाद भी आरोपियों ने फिर से दुबारा छेड़खानी किया और विरोध करने पर धमकी दिए।

पुलिस इस मामले में गांव के ही अजय यादव, अरविंद यादव और रमेश कुशवाहा के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज की है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मझवलिया गांव के दो सगे भाइयों समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई होगी।

अमर उजाला दि. 24.03.2023

# सीबीआई टीम बालू खनन घाटों पर पहुंची

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। सपा सरकार के समय नियमों की अनदेखी कर दिए गए बालू खनन पट्टे में दर्ज मामले की जांच करने के लिए बृहस्पतिवार की देर शाम तक सीबीआई नदी घाटों की जांच पड़ाल में जुटी रही। अफसरों से साठगांठ करने बालू माफियों की टीम कुंडली खंगाल रही है। टीम ने कुछ लोगों से पूछताछ भी की है। इस मामले में तत्कालीन डीएम, एडीएम सहित छह लोग नामजद हैं।

सीबीआई के एएसपी अशरफ सिद्दकी ने पुराने अभिलेखों को तलब करने के बाद अब मामले से जुड़े अन्य बिंदुओं की जांच पड़ताल का दायरा बढ़ा दिया है। आरोप है कि सपा सरकार में शर्त और नियम को ताख पार रखकर जनपद में बालू घाटों का पट्टा अफसरों ने किया और अवैध तरीके से खनन कराने वाले ठेकेदारों से सांठगांठ भी रहा। इस मामले में सीबीआई ने जांच में जिले में तैनात रहे तत्कालीन भूवैज्ञानिक विजय कुमार मौर्य, खनन अधिकारी

## तत्कालीन डीएम, एडीएम समेत नौ लोग हैं नामजद

*सपा सरकार के समय हुए बालू खन्न मामले की जांच सीबीआई कर रही है। जांच गोपनीय है। कुछ घाटों का टीम ने निरीक्षण किया है।*

**- राज रंजन, खनन अधिकारी**

पंकज सिंह, लिपिक हंसराज, डीएम विवेक कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व डीएस उपाध्याय, पट्टाधारक शारदा यादव, फूलबदन निषाद, वीरेंद्र यादव, संजय पर केस कराया था।

टीम देर शाम तक एनएच से हेतिमपुर तक, कोटवा से रतनपुर तक और सबवत से अहिरौली तक बालू घाट का निरीक्षण करने में जुटी रही। सूत्रों की बातों पर गौर जाए तो टीम आरोपियों के नेटर्वक के बारे में जानकारी जुटा रही है।

इसके लिए कुछ लोगों को नोटिस देकर पूछताछ करने की तैयार भी कर रही है। जबकि इन घाटों पर अक्सर मौजूद रहने मजदूरों से भी पूछताछ की गई है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-03-2023

# अवैध तमंचे संग तीन मनबढ़ गिरफ्तार

कुशीनगर। प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा की टीम ने गुरुवार को दुदही रेलवे पश्चिमी ढाला के पास से तीन मनबढ़ों को पकड़ा, जिनके कब्जे से दो अवैध तमंचा व दो मोबाइल बरामद किया गया।

पकड़े गए मनबढ़ों की पहचान राजा निवासी गोला बाजार थाना विशुनपुरा, सुल्तान निवासी जिरात दुदही थाना विशुनपुरा तथा राम डालमिया निवासी कस्बा दुदही थाना विशुनपुरा के रूप में हुई है। इनमें राजा व राम डालमिया पर पहले भी मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय, सिपाही बृजेश यादव, विकास यादव, रत्नाकर सिंह व नीरज कुमार शामिल रहे।

# दो वारंटी गिरफ्तार

कुशीनगर। थाना रामकोला की पुलिस ने क्षेत्र के दो वारंटी बेचु पांडेय निवासी बड़हरा लक्ष्मीपुर थाना रामकोला व रामकृपाल निवासी बड़हरा लक्ष्मीपुर थाना रामकोला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह, दरोगा अजीत कुमार यादव, सिपाही श्यामसुन्दर यादव व महेन्द्र यादव शामिल रहे।

# यातायात पुलिसकर्मियों से की हाथापाई, गए जेल

**पडरौना, निज संवाददाता।** नो इंट्री जोन में जाने से मना करने एवं ड्यूटी में तैनात रहे होमगार्ड से विवाद कर भाग रहे ट्रैक्टर चालक अपने गांव पहुंचने पर पीछा कर रहे यातायात पुलिस कर्मियों के साथ उलझ गया।

यातायात पुलिस कर्मी होमगार्ड के जवानों के साथ पडरौना-कठकुइयां मार्ग पर स्थित दुर्गा मंदिर के पास ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान ईंट लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर चालक नो इंट्री जोन में जाने का प्रयास करने लगा। प्रभुनाथ नामक होमगार्ड ने उसे रोका तो वह उससे उलझ गया और ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया। चालक से बाताकही होते देख जब यातायात पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो चालक ट्रैक्टर मोड़ कर अपने गांव की तरफ भागने लगा। इस पर यातायात पुलिस कर्मी भी उसका पीछा करने लगे। गांव पहुंचने पर चालक के पक्ष में उसके परिजन भी आ खड़ा हुए और यातायात पुलिस कर्मियों से मारपीट करने लगे। घटना की जानकारी होने पर कोतवाल पडरौना राजप्रकाश सिंह भी पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गये और मारपीट कर रहे चार लोगों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गये व्यक्तियों की पहचान आकाश यादव पुत्र स्व. रामप्रसाद यादव, संजय यादव पुत्र रामप्रसाद यादव, पिन्टू यादव पुत्र योगेन्द्र यादव एवं छोटे उर्फ रमेश कुमार पुत्र रमाशंकर यादव निवासी सिधुआ मिश्रौली थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। इस संबंध में कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने कहा कि होमगार्ड प्रभुनाथ की तहरीर पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

# पासपोर्ट सत्यापन के मामले में मुंशी व सिपाही निलंबित




- सत्यापन में समय का पालन नहीं करने पर एसपी ने की कार्रवाई
- कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक आवेदक ने पासपोर्ट के लिए किया था आवेदन
- कप्तानगंज थाने में मुंशी और पुलिस कार्यालय में तैनात है सिपाही

**पडरौना, निज संवाददाता।** पासपोर्ट सत्यापन में लापरवाही बरते जाने पर एसपी धवल जायसवाल ने कड़ा कदम उठाते हुए कप्तानगंज थाने पर तैनात मुंशी एवं पुलिस कार्यालय के एक सिपाही को गुरूवार को निलंबित कर दिया। एसपी ने यह कार्रवाई पासपोर्ट सत्यापन में समयबद्धता का पालन नहीं किये जाने पर की है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक आवेदक ने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। कप्तानगंज थाने में तैनात मुंशी भगवान यादव एवं पुलिस कार्यालय में तैनात सिपाही रामबेलास यादव सत्यापन के लिए निर्धारित समयबद्धता का पालन न करते हुए आवेदक को परेशान करते रहे। एसपी पासपोर्ट सत्यापन में समयबद्धता की निगरानी स्वयं कर रहे हैं। गोपनीय जांच के दौरान दोनों पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आ गयी। इस पर एसपी ने तत्काल प्रभाव से दोनों पुलिस कर्मियों को दोषी मानते हुए गुरूवार को निलंबित कर दिया। एसपी की इस कार्रवाई से विभागीय कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में एसपी ने कहा कि गोपनीय जांच में पासपोर्ट सत्यापन में दोनों पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आयी है। इसको लेकर दोनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

# रोड पर युवती के पैर पकड़ कर मनाने का वीडियो वायरल

**वायरल वीडियो**

**तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद।** तमकुही राज ओबरब्रिज चौराहे पर सरेराह युवती के पैर पकड़कर बनाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सोशल साइट पर वायरल इस विडियो को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चाएं हैं। 19 सेकेंड के इस वायरल वीडियो में एक युवक, युवती का पैर पकड़ कर उसे मनाने का प्रयास कर रहा है। लोग इस जोड़े को प्रेमी प्रेमिका बता रहे हैं। वायरल वीडियो चार दिन पूर्व का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में प्रेमी अपनी प्रेमिका को मनाने के लिए सरेराह पैर पकड़ कर सड़क पर बैठा है। बुधवार को सोशल साइट पर तमकुहीराज का आशिक शीर्षक से वायरल वीडियो में बाइक सवार एक युवक सड़क पर बाइक खड़ा कर युवती का पैर पकड़ उसे मनाने का प्रयास कर रहा है। वायरल वीडियो के ट्रेंड करने के बाद बताया जा रहा है कि चार दिन पूर्व युवक युवती को लेकर कस्बे के ओवरब्रिज चौराहा के तमकुही समउर मार्ग पहुंचा था। जहां किसी बात को लेकर युवती नाराज हो गई। जिसे मनाने का प्रयास युवक द्वारा किया जा रहा था। इस पूरे घटना क्रम का किसी दूसरे युवक ने वीडियो बना लिया व बाद में इसे वायरल कर दिया। गुरुवार को इस वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चा होती रही।

# ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को धमकी देने का ऑडियो वायरल

**तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोइंदी बरियारपुर के प्रधान प्रतिनिधि ने मुकामी पुलिस को तहरीर देकर कुछ लोगों पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है।

39 सेकेंड का एक ऑडियो पुलिस को देकर प्रधान प्रतिनिधि ने आरोप लगाया है कि कभी भी उनके साथ अप्रिय घटना घटित हो सकती है। घटना संज्ञान में आने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। गुरुवार को थानाध्यक्ष तमकुहीराज को दिए शिकायती पत्र में कोइन्दी बरियारपुर के प्रधान प्रतिनिधि गोविंद कुमार ने आरोप लगाया है कि चुनावी रंजिश को लेकर कभी भी उनके साथ अप्रिय घटना घटित हो सकती है। पीड़ित प्रधान प्रतिनिधि ने 39 सेकेंड के एक ऑडियो पुलिस को सौंपा है। हालांकि इस ऑडियो की पुष्टि हिन्दुस्तान नहीं करता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नीरज कुमार राय का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# फरार चल रहे वांछित को पुलिस ने दबोचा

बरवापट्टी। कई धाराओं में संलिप्त अपराधी को बरवापट्टी थाने की पुलिस ने गुरूवार को मुखबिर की सूचना पर विशुनपुरा थाना के दुदही टैक्सी स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त प्रदीप मद्धेशिया पुत्र गुरुशरण उर्फ टुनटुन मद्धेशिया निवासी चौबेया पटखौली सेमरा टोला थाना बरवापट्टी की पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी।

# 3 प्रतिबंधित पशुओं संग दो गिरफ्तार

पटहेरवा। पटहेरवा थाने की पुलिस ने फोरलेन पर स्थित लबनिया चौराहे के समीप एक मैजिक गाड़ी में क्रूरता पूर्वक लाद कर ले जाये जा रहे तीन प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त कराया। इस दौरान पुलिस दो तस्करों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

पटहेरवा एसओ अनिल उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस फोरलेन पर स्थित लबनिया चौराहे के समीप कोयर पट्टी गांव के पास पहुंची थी। इसी दौरान पीछा कर एक गाड़ी को रोका गया। पकड़े गये तस्करों की पहचान भीम कुमार निवासी पेनुला खास थाना उचका गांव जनपद गोपालगंज व पिंटू कुमार पंडित निवासी पकड़ी श्याम थाना श्रीपुर ओपी फुलवरिया जनपद गोपालगंज बिहार प्रांत के रूप में हुई। तस्करों के पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# किशोरी को भगाने का आरोप, मुकदमा

**पटहेरवा** : क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने पड़ोसी गांव के एक युवक पर अपनी लड़की को भगाने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर सौंपी। इस मामले में गुरुवार को पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पीड़ित ने तहरीर में लिखा है कि उसकी लड़की को बीते 20 मार्च को चंदन कुशवाहा नामक युवक भगा ले गया। खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। (जासं)

# वांछित गिरफ्तार

**बरवापट्टी** : बरवापट्टी थाने में दर्ज कई आपराधिक मामलों में वांछित को पुलिस ने विशुनपुरा के दुदही टैक्सी स्टैंड से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। चौबेया पटखौली गांव के सेमरा टोला निवासी आरोपित प्रदीप मद्धेशिया की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। गिरफ्तारी के दौरान एसएचओ जितेंद्र कुमार टंडन, एसआइ अभिषेक यादव, कांस्टेबल पंकज प्रजापति, अनिल यादव मौजूद रहे। (जासं)

# ताला तोड़कर हुई जांच, चार अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

## टीम को बंद मिले तीन केंद्र, अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य-परिवार कल्याण से हुई थी शिकायत

**जागरण संवाददाता, फाजिलनगर :** उपनगर में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालन की शिकायत अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य-परिवार कल्याण लखनऊ तक पहुंची तो गुरुवार को कार्रवाई भी दिखी। एसडीएम न्यायिक कल्पना जायसवाल के साथ संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य कल्याण गोरखपुर डा. एके गर्ग, डा. एके चौधरी, डा. संजय कुमार, डा. प्रशांत कुमार की टीम पुलिस के साथ कस्बे में पहुंची। अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच पड़ताल की। अवैध रूप से संचालित मिले चार अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील की। मशीन को छोड़ प्रिंटर, कंप्यूटर आदि अन्य उपकरण पटहेरवा थाना पुलिस को सौंप दिया गया।

टीम को दोपहर बाद एक बजे सिनेमा रोड स्थित एक मकान में अल्ट्रासाउंड सेंटर खुला मिला। संचालक से कागजात मांगने पर वह नहीं दिखा सके। टीम द्वारा सेंटर सील कर दिया गया। जांच की सूचना मिलते ही अन्य संचालकों में हड़कंप मच गया। वह शटर गिराकर खिसक लिए। टीम इसके बाद अस्पताल रोड पहुंची तो यहां तीन अल्ट्रा साउंड सेंटर बंद मिले। उनका ताला तोड़कर जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि तीनों अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। इन सेंटरों को भी सील कर दिया गया। एसडीएम जायसवाल ने बताया कि बिना पंजीकरण अल्ट्रा साउंड सेंटर संचालित नहीं होंगे। चार केंद्र बिना पंजीकृत मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई की रिपोर्ट परिवार कल्याण विभाग को भेजेगा। वहां से निर्देश मिलने पर अग्रिम कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह शिकायत कब और किसने की है। इस दौरान पुलिस फोर्स भी मौजूद थी।



फाजिलनगर मे अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी● जागरण

### डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल संचालकों से मांगे कागजात

**जासं, तमकुहीराज :** तमकुहीराज कस्बा में निजी अस्पतालों में गुरुवार को अफरा-तफरी का माहौल रहा। डिप्टी सीएमओ डा. रामदास कुशवाहा टीम के साथ अस्पतालों की जांच के लिए पहुंचे, जहा पत्रावलियों की जांच की। इनमें से कुछ अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के ही संचालित होते पाया गया। डिप्टी सीएमओ ने बताया कुल चार अस्पतालों की जांच की गई है, जिसमें तमकुहीराज कस्बा में संचालित होने वाले परी और ललिता अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं है। मांगने के बावजूद संचालक पत्रावली न दे सके। दुदही बाजार स्थित जयश्री हास्पीटल का रजिस्ट्रेशन है, लेकिन कोई चिकित्सक और मरीज मौजूद नहीं थे। इसी बाजार के दूसरे अस्पतालों की भी जांच की गई, जहां केवल डाक्टर ही मौजूद रहे। संचालक नहीं मिले। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि सबको नोटिस भेज कागजात मांगे गए हैं।

# तीन गोवंश के साथ दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा :** हाईवे पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक मैजिक वाहन से तीन गोवंश सहित दो तस्करों को पकड़ा है। गुरुवार को एसआइ सुनील कुमार यादव टीम के साथ लबनिया चौराहे पर वाहनों की जांच कर रहे थे।

इस दौरान मैजिक गाड़ी रोक कर जांच शुरू की तो तीन गोवंश बरामद हुए। पुलिस ने चालक पिंटू कुमार निवासी पकड़ी श्याम श्रीपुर थाना फुलवरिया, गोपालगंज व भीम कुमार गुप्ता निवासी पेनुला खास, उचकागांव, गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

दारोगा ने बताया कि तस्कर पशुओं को बिहार के गोपालगंज लेकर जा रहे थे।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-03-2023

# 60 बोरी यूरिया बरामद

सोनौली। सोनौली पुलिस ने गुरुवार की शाम गस्त के दौरान भारत से नेपाल जाई जा रही तस्करी की यूरिया को पकड़ लिया। तस्कर मौके से नेपाल भाग निकलने में सफल रहे। कोतवाल अभिषेक सिह ने बताया कि पुलिस टीम ने गस्त के दौरान श्याम काट बगीचे के पास भारत से नेपाल भेजी जा रही 60 बोरी यूरिया लावारिस हालत में बरामद किया है।

**निचलौल संवाद** के अनुसार एसएसबी बरगदवा की टीम ने बुधवार की आधी रात में बार्डर पर अशोकवां गांव के पास 18 बोरी गेहूं और तीन साइकिल पकड़ी है। इसके साथ इम्तियाज अली और बबलू चौधरी दोनों निवासी ग्राम पिपरा पकड़े गए हैं। एसएसबी ने पकड़े गए गेहूं और साइकिल को सीज कर निचलौल कस्टम को सौंप दिया है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में दस साल का सश्रम कारावास

**महराजगंज, निज संवाददाता।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विनय कुमार सिंह द्वितीय की अदालत ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपित जावेद को दोषी करार दिया है। जावेद के खिलाफ दस साल का सश्रम कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

मामला कोठीभार थाना क्षेत्र का है। एक अगस्त-14 को मामला दर्ज हुआ था। पत्रावली के मुताबिक आरोपित ने शादी का झांसा देकर नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म किया। इससे किशोरी गर्भवती हो गई। पंचायत के बाद आरोपित ने किशोरी से निकाह किया। किशोरी जावेद के घर पहुंची। आरोप लगाई कि परिजन उसका उत्पीड़न करने लगे। उसे घर से निकाल दिया। किशोरी सिसवा के अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दी। इस मामले में पुलिस में शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता के पिता कोर्ट की शरण में पहुंचे।

# भूमि विवाद निपटाने को पुलिस ने लगाई चौपाल

महराजगंज, निज संवाददाता। भूमि विवाद की वजह से मारपीट के बढ़ रहे मामलों को नियंत्रित करने के लिए जिले की पुलिस ने एसपी डॉ. कौस्तुभ के मार्गदर्शन में नई पहल शुरू की है। गांव में पहुंच भूमि विवाद के सभी मामले को चिह्नित कर रही है। दोनों पक्ष को बुलाकर बातचीत शुरू कर दी है। बड़े मामलों के समाधान के लिए राजस्व विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र भेज रही है। जो मामले आपसी समन्वय से निस्तारित होने लायक है, उसे मौके पर निस्तारित कर दे रही है।



चेहरी गांव में कोतवाल रवि कुमार राय ने भूमि विवाद से जुड़े दोनों पक्ष के साथ वार्ता की।

सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार रॉय गुरुवार को चेहरी गांव के पंचायत भवन पर भूमि विवाद के मामले की जमीनी हकीकत जानने के लिए चौपाल लगाया। इस दौरान उनके साथ आईटीएम चौकी इंचार्ज, बीट पुलिस अधिकारी, महिला एसआई के अलावा भारी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे। गांव में भूमि विवाद के मामले को ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान व चौकीदार ने चिन्हित कर रिपोर्ट कोतवाली पुलिस को दिया था। कुल सात मामले बैठक में आए। कोतवाल ने सभी पक्ष के लोगों बुलाकर बातचीत किया।

# दवा की सात दुकानों पर छापेमारी, एक सीज

- **कई दुकानों पर दवा की खरीद बिक्री पर लगाई गई रोक**
- **झुलनीपुर क्षेत्र में भी दवा की दुकानों पर हुई छापेमारी**

**जागरण संवाददाता, ठूठीबारी**: ठूठीबारी में दवा की सात की दुकानों पर छापेमारी कर एक दुकान को सीज कर दिया गया, तथा प्राथमिकी दर्ज कराई गई। कुछ दुकानों पर नोटिस चस्पा कर बिक्री पर रोक लगाई गई है।

नायब तहसीलदार निचलौल, ड्रग इंस्पेक्टर व एसएसबी की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। नायब तहसीलदार निचलौल अंकित अग्रवाल ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर ड्रग इंस्पेक्टर शिव कुमार नायक के साथ संयुक्त टीम ने कस्बे की एक दुकान, इंडो नेपाल मल्टी स्पेशलिस्ट, संतोष मेडिकल, वर्मा मेडिकल व न्यू नेशनल सहित अन्य दुकानों पर छापेमारी की। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि एक दुकानदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए दुकान को सीज कर दिया गया है। इंडो नेपाल मल्टी स्पेशलिस्ट की दुकान बंद कर दुकानदार फरार हो गया, इसपर विभाग की तरफ से ताला लगाया गया।

वर्मा मेडिकल पर नोटिस चस्पा किया गया। संतोष, नेहा व न्यू नेशनल की दुकान के क्रय विक्रय पर रोक लगाई गई है। इस मौके पर कोतवाल जेपी सिंह , एसएसबी बीओपी इंचार्ज इंस्पेक्टर जयप्रकाश, एसएसआई अरुण दुबे, एसआई अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

झुलनीपुर संवाददाता के अनुसार संयुक्त टीम ने नेपाल सीमा के निकट स्थित झुलनीपुर, बहुआर बाजार दवा की छह दुकानों पर छापेमारी की। तीन दुकानों को सील किया गया। टीम ने पलक मेडिकल स्टोर झुलनीपुर, जनता मेडिकल स्टोर बहुआर, जायसवाल मेडिकल, प्रताप मेडिकल, जनता मेडिकल स्टोर सहित अन्य कई दुकानों पर छापेमारी की। तीन दुकानों को सील किया।

# नेपाल जा रहा विदेशी नागरिक पकड़ा गया

सोनौली। भारत-नेपाल सीमा सोनौली में पगडंडी के रास्ते नेपाल जा रहे नीदरलैंड्स के नागरिक को एसएसबी व पुलिस की टीम ने गुरुवार की देर शाम पकड़ लिया। पुलिस के साथ ही खुफिया एजेंसियां पूछताछ कर रही है।

सोनौली कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि सोनौली सीमा के श्यामकाट गांव के पास पुलिस व एसएसबी की टीम ने एक विदेशी नागरिक को पकड़ा। वे नीदरलैंड्स का रहने वाला है। उसने अपना नाम बर्ट डेविड रीग बताया। कोतवाल ने बताया कि नीदरलैंड्स का नागरिक भारत में रहने का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। खुफिया एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही है।

## आपरेशन चियर्स में 48 पकड़े गए

**जासं, सिंदुरिया** : खुले में शराब पीने वालों व शराब पीकर शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध पुलिस की तरफ से चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चियर्स के तहत बुधवार देर शाम सिंदुरिया पुलिस ने छापेमारी की। अलग-अलग जगहों से 48 लोग पकड़े गए।

# बसडीला हत्याकांड का एक आरोपित गिरफ्तार

**जासं कोठीभार**: ट्राली खड़ा करने को लेकर रविवार को हुए खूनी संघर्ष में दो लोगों के मृत्यु के बाद कोठीभार पुलिस टीम ने एक पक्ष के तीन लोगों को जेल भेज दिया था। दूसरे पक्ष पक्ष के एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बसडीला में पटेल परिवार में दो पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर रविवार को मारपीट हुई थी। एक पक्ष के राजमोहन, शिवशरण और नारंग की दूसरे पक्ष के रामाश्रय और उनके दो पुत्र ज्ञानबहादुर, श्यामबहादुर और उनके पड़ोसी श्रीकांत व रिश्तेदार केशव के बीच मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों को तीन लोग घायल हो गये थे। जिनमें से दो की मृत्यु हो गई थी। कोठीभार थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि दूसरे पक्ष के श्रीकांत को सिसवा कस्बे से गिरफ्तार कर किया गया है। अन्य की तलाश की जा रही हैं।

# नेपाल में प्रवेश की कोशिश में पकड़ा गया नीदरलैंड का नागरिक

**जागरण संवाददाता, सोनौली (महराजगंज) :** भारत-नेपाल की सोनौली सीमा के पास पगडंडी मार्ग से गुरुवार की शाम अवैध रूप से नेपाल में प्रवेश का प्रयास करते नीदरलैंड के नागरिक को एसएसबी व पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उससे कोतवाली पुलिस सहित खुफिया एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं।

कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि एसएसबी 22 वीं वाहिनी के इंस्पेक्टर जयंत घोष जवानों व पुलिस के साथ



एसएसबी कैंप में विदेशी नागरिक के साथ एसएसबी की टीम। ● सौ. एसएसबी

बार्डर पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक नागरिक श्यामकाट बागीचे के पास से नेपाल में दाखिल होने का प्रयास करता दिखाई दिया। उसको जवानों ने पकड़ा लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रोज बर्ट डेविड निवासी नीदरलैंड बताया। जांच पड़ताल के दौरान आरोपित वीजा व पासपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर पाया है। गहनता से पूछताछ में बताया कि उनके समस्त कागजात नेपाल के एक व्यक्ति के पास हैं। उन्होंने बताया कि विदेशी नागरिक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पगडंडियों से नेपाल जा रहा नीदरलैंड का नागरिक गिरफ्तार

सोनौली(महराजगंज)। भारत-नेपाल सीमा सोनौली बॉर्डर की पगडंडियों से भारत से नेपाल जा रहे नीदरलैंड



के नागरिक को एसएसबी और पुलिस गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि श्याम काट गांव के पास एक विदेशी नागरिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसने अपना नाम बर्ट डेविड रीग बताया। खुफिया एजेंसी पूछताछ कर रही है। संवाद

# पुलिस ने चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्या

**जागरण संवाददाता, निचलौल**: पुलिस की ओर से क्षेत्र के पांच गांवों में पुलिस चौपाल आयोजित की गई। पुलिस चौपाल में मौके पर ही ग्राम वासियों की समस्याएं सुनी। वहीं कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। गुरुवार को क्षेत्र के डोमा ,कोहड़वल, बैदौली, मिश्रवलिया व रेंगहिया में चौपाल लगाई गई।

मिश्रवलिया गांव में थाना प्रभारी आनंद कुमार गुप्ता ने ग्राम वासियों की समस्याएं सुनी और उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी। कहा कि मोबाइल फोन पर बैंक संबंधित अकाउंट, आधार कार्ड, ओटीपी आदि पूछ कर घटित हो रहे। धोखाधड़ी से बचने की जरूरत है। एसआई अनिल कुमार राय, हौसला प्रसाद, चौकी इंचार्ज रेगहियां मनीष कुमार पटेल ,गौरव यादव ,अख्तर आलम सहित गांव की महिलाएं पुरुष व पुलिस के जवान उपस्थित रहे। भिटौली संवाददाता के अनुसार प्रभारी निरीक्षक भिटौली सुनील कुमार राय ने भिटौली पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत बरियारपुर में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। मंगलपुर संवाददाता के अनुसार श्यामदेउरवा पुलिस ने सात ग्राम पंचायतों में चौपाल

# धमकी देने के मामले का आरोपित गिरफ्तार

**जासं,नौतनवा** : पुलिस ने गुरुवार को जान से मारने की धमकी व मारपीट के मामले में फरार आरोपित राजेंद्र प्रसाद निवासी नौतनवा को भुंडी मोहल्ला से गिरफ्तार किया है। जिसको कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

**निर्माण के दौरान मारपीट का आरोप**: पुरैनिहा गांव के रहने वाले श्रवण शर्मा ने एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र को पत्रक देकर कुछ लोगों पर धमकी व मारपीट का आरोप लगाया है। बताया कि बीते एक फरवरी को लेखपाल व कानूनगो की मौजूदगी में भूमि चिह्नित की गई। जिस पर वह चहारदीवारी निर्माण करवा रहे हैं। गांव के कुछ लोग उनको व उनके दिव्यांग पिता को मारेपीटे। एसडीएम ने मामले के जांच के निर्देश पुलिस को दिए हैं।

**आशा कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान** : कोठीभारः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिसवा पर आशा सम्मेलन के दौरान तीन वर्ष में उत्कृष्ट योगदान के लिए आशा कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरजेश जायसवाल ने किया। ग्राम बौलिया बाबू के प्रतिभा को नसबन्दी के लिये, कारीडीहा की सरोज और रायपुर की विनीता को प्रसव कराने व, लोहेपार की पूजा व पड़री खुर्द की अंजू को ई–कवच में योगदान के लिये सम्मानित किया गया।

# चार दिन में दारोगा बहाल मिला चौकी का प्रभार

- बिना ट्रांजिट रिमांड दुष्कर्म आरोपित को गिरफ्तार करने का था आरोप
- शनिवार की रात एसपी ने की थी कार्रवाई, बुधवार को बनाया प्रभारी

**जासं, महराजगंज** : बिना ट्रांजिट रिमांड और उच्चाधिकारियों को सूचना दिए गोरखपुर से दुष्कर्म के आरोपित की गिरफ्तारी मामले में निलंबित दारोगा चार दिनों में ही बहाल हो गया। इतना ही नहीं बुधवार की रात पुलिस अधीक्षक ने संबंधित दारोगा को चौकी का प्रभारी भी बना दिया है।

बीते शनिवार को जिले के नौतनवा थाने से उपनिरीक्षक विजय द्विवेदी के साथ तीन पुलिसकर्मी दुष्कर्म के एक मामले में गोरखपुर गगहा थाना क्षेत्र के कौड़ीराम स्थित माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड केरल की शाखा में पहुंचे और उसके कैशियर करन सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के बाद उसे महराजगंज उठा लाए थे। उधर माइक्रो फाइनेंस के शाखा प्रबंधक ने गगहा थाने में उसके अपहरण की सूचना दे दी थी, जिसके बाद पूरे गोरखपुर में अलर्ट हो गया था। बाद में जानकारी होने पर महराजगंज के पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने दारोगा समेत तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। बुधवार की रात को पुलिस अधीक्षक ने संबंधित दारोगा समेत 21 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया, जिसमें उपनिरीक्षक विजय द्विवेदी को परतावल का चौकी प्रभारी बनाया है।

**छह उपनिरीक्षक समेत 21 पुलिसकर्मियों का बदला कार्यभार** : पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बुधवार की रात में छह उपनिरीक्षकों समेत 21 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी है। स्थानांतरण के क्रम में उपनिरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह को आईजीआरएस सेल से जनसुनवाई सेल, भूपेंद्र प्रताप सिंह को चौकी बागापार से अड्डा चौकी प्रभारी, विजय कुमार द्विवेदी को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी परतावल, रविंद्र कुमार को बृजमनगंज थाने से एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना, शिवदास यादव को नौतनवा से न्यायालय सुरक्षा तथा प्रहलाद प्रसाद को बृजमनगंज से कोतवाली में तैनात किया गया है। इसी क्रम में 14 अन्य पुलिसकर्मियों में मुख्य आरक्षी और आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। एसपी ने बताया कि प्रशासनिक हित में स्थानांतरण किए गए हैं।

# सहज जनसेवा केंद्र संचालक के विरुद्ध दर्ज हुई रिपोर्ट

**फरेंदा।** सहज जनसेवा केंद्र संचालक पर धोखाधड़ी करके लोगों के रुपये हड़पने का आरोप गांव के लोगों ने लगाया है। पुलिस ने संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

फरेंदा थाना क्षेत्र परसाबेनी निवासी विशाल कुमार, इंद्रेश कुमार ने पुलिस को दिए गए पत्र में कहा कि सीएचसी बनकटी अस्पताल के बगल में गांव के ही रमेश सहज जनसेवा केंद्र संचालित करता था।

इंद्रेश ने बताया कि नहर का मुआवजा 1.41 लाख आया था, जिसमें से 95,587 रुपये संचालक ने धोखाधड़ी करके बिना अनुमति के निकाल लिया गया। विशाल ने बताया कि नहर का मुआवजा मिला था, जिसमें से 90,000 रुपये बिना सहमति के निकाल लिया था।

## जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**फरेंदा।** कस्बे के वार्ड नंबर पांच सुबाषनगर निवासी शिवम जायसवाल ने दो लोगों के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस शिकायत के आधार पर कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# बसडीला कांड का आरोपी श्रीकांत गिरफ्तार

**सिसवा बाजार।** कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्राम बसडीला में हुई मारपीट में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह कस्बे के इस्टेट चौक से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। ग्राम बसडीला में दो पक्षों में मारपीट के दौरान दो मौतों के मामले में शामिल श्रीकांत का चालान किया गया। इस मामले में अबतक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि एक पक्ष के सभी तीनों आरोपी बुधवार को ही चालान हो गए। दूसरे पक्ष के एक आरोपी का बृहस्पतिवार को चालान हुआ है। गांव की स्थिति सामान्य है। गांव में कोठीभार पुलिस व डेढ़ सेक्शन पीएसी के जवान को तैनात हैं। स्थिति पर नजर रखी जा रही है। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-03-2023

# वांछित महिला गिरफ्तार

**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** वाल्टरगंज थाने में लम्बे समय से वांछित चल रही सिद्धार्थनगर जनपद की रहने वाली महिला को भिटिया चौराहे के पास से गिरफ्तार करते हुए उसे जेल भेजा गया है। पकड़ी गयी महिला मूल जनपद सिद्धार्थनगर को छोड़कर खलीलाबाद में रहने लगी थी। उसके विरूद्ध वाल्टरगंज के अलावा सोनहा थाने में भी मुकदमा दर्ज है।

थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नारायन लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के भिटिया चौराहे के पास से धारा 392 आईपीसी के तहत वांछित महिला संगीता पत्नी संतोष निवासी बनियाडीह थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर हाल मुकाम ग्राम चिलौना थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार की गयी महिला के पास से 1200 रुपयेनकदी के रूप में भी बरामद हुए है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे में वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरेश कुमार, उप निरीक्षक सुभाष मौर्या, मुख्य आरक्षी राकेश यादव, महिला आरक्षी शिवानी वाजपेयी शामिल रही।

# कुड़ा जलाने के दौरान विस्फोट चौकी इंचार्ज व सिपाही झुलसे

**दुबौलिया (एसएनबी)।** स्थानीय थानान्तर्गत उमरिया पुलिस चौकी परिसर में कूडे का ढ़ेर जलाते समय विस्फोट होने से चौकी इंचार्ज और एक सिपाही गम्भीर रूप से झुलस गया। सूचना पर पहुंचे दुबौलिया के थानाध्यक्ष विनय कुमार पाठक ने दोनो को गम्भीर स्थिति में जिला अस्पताल बस्ती पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है।





विस्फोट में झुलसे चौकी प्रभारी व सिपाही।

गुरूवार को उमरिया पुलिस चौकी परिसर के साफ-सफाई के बाद कूडे के ढेर जलाया जा रहा था। कूडे के ढेर में बॉडी स्प्रे का डिब्बा पडा हुआ था जिसके फटने से वहां खडे चौकी प्रभारी संजय यादव एवं सिपाही रविकांत गौड उसकी चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुलस गए। आसपास के लोगो ने दोनो को बचाया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच गए। उन्होने दोनो को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है।

# कलवारी थाने पर अचानक पहुंचे एसपी

बस्ती। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी गुरुवार शाम को औचक निरीक्षण करने के लिए कलवारी थाने पहुंच गए। ठीक उसी समय पुलिस टीम पैदल गस्त पर निकलने की तैयारी में थी। एसपी ने सीओ विनय चौहान, थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव के साथ कलवारी चौराहे पर पैदल गस्त किया। गस्त के बाद थाना परिसर पहुंचकर थाना भवन, दर्ज एफआईआर में विवेचना की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

# गायब महिला को बरामद किया

कप्तानगंज। पुलिस ने बजार से गायब हुई एक महिला को सकुशल बरामद किया है। थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने बताया कि थाना क्षेत्र के पिलखाव गांव निवासिनी समीमुनिशा पत्नी अफसर खान ने शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनकी बेटी सैयदा खातून बाजार में कपड़ा खरीदने नौ फरवरी को गई थी लेकिन लौटी नहीं। शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज की गई। जिसके चलते नाराज होकर वह दिल्ली चली गई। दिल्ली से गुरुवार को कप्तानगंज पहुंची।

# बंजर भूमि से हटाया अवैध कब्जा

हर्रैया। तहसील क्षेत्र के सड़वलिया में गुरुवार की दोपहर हर्रैया तहसील प्रशासन ने सरकारी बंजर भूमि से अवैध अतिक्रमण को जेसीबी से हटवा दिया। एसडीएम गुलाब चंद्र के निर्देश पर नायब तहसीलदार कप्तानगंज कृष्ण मोहन यादव ने दुबौलिया पुलिस बल के साथ सड़वलिया गांव में पहुंचे। गांव के रामजनम पुत्र कालिका प्रसाद ने बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया था।

# चेन स्नेचिंग में वांछित महिला गिरफ्तार

बस्ती, निसं। जिले की वाल्टरगंज पुलिस ने लूट में फरार चल रही महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोने की चेन लूटने के मामले में वांछित आरोपी संगीता बनियाडीह थाना लोटन जिला सिद्धार्थनगर की रहने वाली है। वर्तमान में वह चिलौना थाना कोतवाली खलीलाबाद संतकबीरनगर में रह रही है।

सूचना मिली कि आरोपी संगीता मनौरी से ऑटो पकड़कर लक्ष्मणपुर की तरफ जा रही है। उसे भिटिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि बरढरवा मेले में करीब एक माह पूर्व महिला श्रद्धालुओं से चेन स्नेचिंग की घटना सामने आई थी। पुलिस ने लूट का केस दर्ज किया था। जांच के दौरान वारदात में शामिल तीन महिला आरोपितों के नाम सामने आए थे। इनमें से दो को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। संगीता तभी से फरार चल रही थी। उसके कब्जे से छह सौ रुपया बरामद किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वाल्टरगंज थाने के एसएसआई सुरेश, एसआई सुभाष मौर्या, हेकां राकेश व महिला आरक्षी शिवानी वाजपेयी शामिल रहीं।

# दवा लेने निकले बुजुर्ग की तालाब में मिली लाश

- वाल्टरगंज थानांतर्गत पैड़ा खरहरा के पचदेऊरी ताल की घटना
- तेनुआ गांव के रहने वाले थे 72 वर्षीय मृतक भागीरथी

सांऊघाट (बस्ती), हिसं। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पैंड़ा खरहरा के पुरवा पचदेऊरी के ताल में गुरुवार सुबह 72 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिला। वह मुंह के बल पानी में पड़े थे। सूचना मिलते ही भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान ग्राम पंचायत केशवारा के पुरवा तेनुआ निवासी भगीरथी के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार शरीर पर किसी तह के चोट के निशान नहीं हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मृतक के बेटे जोखन प्रसाद ने बताया कि उनके पिता भागीरथी का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। वह उल्टी दस्त से पीड़ित थे। बुधवार दोपहर बाद दवा लेने परसा चौराहे पर जाने के लिए निकले थे। देर शाम तक जब घर वापस नहीं लौटे तो पत्नी सूरसती और पुत्र जोखन प्रसाद परेशान होने लगे। जोखन प्रसाद के अनुसार उन्होंने मोहल्ले के कुछ लोगों के साथ देर रात तक खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे शौच के लिए निकले लोगों ने पचदेऊरी ताल पर पेट के बल पानी में पड़ा शव देखा। ग्राम प्रधान पीसी चौधरी की सूचना पर तहसीलदार केशरी नंदन त्रिपाठी के साथ हल्का लेखपाल ने मृतक के घर पहुंचकर आर्थिक मदद का भरोसा दिया।

शादी

# दुष्कर्म के दो आरोपितों को दस-दस साल की सजा

- 28 वर्ष पूर्व नगर थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा
- कोर्ट ने 15-15 हजार का अर्थदंड भी लगाया

बस्ती, निज संवाददाता। विशेष सत्र न्यायाधीश एससी-एसटी शिव चन्द की अदालत ने सोलह साल की अनुसूचित जाति की पीड़िता को बहला फुसलाकर भगाकर दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपियों को दस-दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15-15 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया है।

विशेष शासकीय अधिवक्ता मो. हयात ने अदालत को बताया कि नगर थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने नगर थाने में तहरीर देकर दी थी। इसमें बताया कि 3 अप्रैल 1995 को उसकी सोलह वर्षीय पुत्री को गांव निवासी गोली, अपने रिश्तेदार राजन के साथ मिलकर बहला फुसलाकर जेवरात सहित भगा ले गया। उनकी पुत्री 9 अक्टूबर 1995 को वापस घर आ गई। तहरीर के आधार पर दो लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस विवेचना में वाल्टरगंज थाना क्षेत्र ग्राम भरवलिया बाबू निवासी राम सजीवन , दुबौलिया थाना क्षेत्र के भरपुरा निवासी राम सागर व मेवालाल का नाम प्रकाश में आया था। प्रथम सूचना रिपोर्ट में दर्ज राजन सिंह फरार है तथा दूसरे आरोपी की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड में प्रेषित हो चुकी है।

कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत आरोपी राम सजीवन व राम सागर को दुष्कर्म के मामले में दोषी मानते हुए सजा सुनाई। न्यायाधीश ने आरोपी मेवालाल को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है।

# कूड़ा जलाते वक्त विस्फोट से चौकी प्रभारी और सिपाही झुलसे

दुबौलिया (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र में उमरिया पुलिस चौकी पर गुरुवार की सुबह कूड़े के ढेर में पड़े बॉडी स्प्रे में विस्फोट से अफरातफरी मच गई। इसकी चपेट में आकर चौकी प्रभारी उमरिया और एक सिपाही झुलस गए। पुलिसकर्मियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उमरिया चौकी में गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे साफ-सफाई के बाद कूड़े का ढेर जलाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि उसमें पड़ा बॉडी स्प्रे फट गया। इस दौरान पास में खड़े चौकी प्रभारी उमरिया संजय कुमार यादव और सिपाही रविकांत बुरी तरह झुलस गए। चौकी प्रभारी के बाएं हाथ का लगभग आधा हिस्सा आग की चपेट में आ गया, जबकि सिपाही के दोनों हाथ झुलस गए। चेहरा भी आंशिक रूप से झुलसा है। तेज आवाज सुनकर अन्य पुलिसकर्मी भी पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया विनय पाठक ने पुलिसकर्मियों को सीएचसी कप्तानगंज भेजवाया। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में चौकी प्रभारी व सिपाही को भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत करा दिया गया है। दोनों पुलिसकर्मियों की हालत सामान्य है।



संजय यादव, चौकी प्रभारी



सिपाही रविकांत

# राजस्व अदालत का अयोजन आज

बस्ती। राजस्व वादों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शुक्रवार को पांच न्याय पंचायतों में राजस्व अदालत आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी डीएम प्रियंका निरंजन ने दी।

# अतिक्रमण से मुक्त हुआ तालाब

हर्रैया। हर्रैया थाना के सुकरौली शुक्ल गांव में गुरुवार को नायब तहसीलदार शौकत अली व नीरज सिंह ने पुलिस के सहयोग से सरकारी तालाब पर से अवैध रुप से काबिज रामबुझावन, आजाद व मकसूद अली के छप्पर को ध्वस्त कर दिया। खाद गड़हा भूमि पर मंशाराम ने अतिक्रमण कर गन्ना बोया था। अधिकारियों ने जेसीबी से उसे भी नष्ट कर दिया। चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया तो कार्रवाई की जाएगी।

### पैकोलिया थाने में दर्ज है कागजों में हेरफेर कर धोखाधड़ी का मामला

# यूपी एसआईटी की जगह सीबीआई करेगी जांच

■ सुरेंद्र पांडेय

**बस्ती।** यूपी एसआईटी की जगह प्रदेश के 12 मामलों की जांच सीबीआई सेंट्रल लखनऊ इकाई करेगी। इन मामलों को ट्रांसफर करने के लिए जनपद स्तरीय मानिटरिंग कमेटी से संस्तुति लेनी है। इसके लिए यूपी एसआईटी ने संबंधित मामलों में पुलिस कमिश्नरेट, एसएसपी व एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई को कहा है। 12 मामलों में गोरखपुर जोन के बस्ती, गोरखपुर व गोंडा के एक-एक केस हैं।

डीआईजी राज्य विशेष अनुसंधान दल उत्तर प्रदेश अमित वर्मा ने चार जिलों के पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट व सात जिलों के एसएसपी व एसपी को लिखे पत्र में 12 मामलों का ब्यौरा भेजा है। कहा है कि धारा 173 (8) के तहत यूपी एसआईटी को यह विवेचनाएं मिली थीं, जिसे जनपद न्यायालय से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सीबीआई सेंट्रल लखनऊ को स्थानान्तरित होना है। डीआईजी एसआईटी ने कहा कि इन 12 मामलों में एसआईटी के निरीक्षकों के जनपदीय न्यायालय में पैरवी करने के बावजूद अपेक्षित क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। इस कारण इन 12 मामलों को जनपद न्यायालय से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सीबीआई (सेंट्रल) लखनऊ में स्थानान्तरित करना है। ऐसे में सभी पुलिस अधीक्षक जिला स्तर पर जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में होने वाली डिस्ट्रिक मॉनिटरिंग सेल की मासिक गोष्ठी में प्रकरण को रखें। जनपद न्यायाधीश को उपरोक्त परिस्थितियों से अवगत कराते हुए इस मामले को जनपद न्यायालय से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सीबीआई सेंट्रल लखनऊ को स्थानान्तरित कराने की कार्रवाई पूरी कराएं।

**पैकोलिया थाने में दर्ज है धोखाधड़ी, कागजों में हेरफेर कर साजिश करने का केस : बस्ती।** बस्ती जनपद के पैकोलिया थाने में अपराध संख्या 17/2019 धारा 467, 468, 471, 420, 264, 120बी भादवि के तहत केस दर्ज है। यह मुकदमा सोसायटी फार रुरल एजुकेशन की तरफ से की गई गड़बड़ी को लेकर दर्ज कराया गया। आरोपियों में सोसायटी के निदेशक राजेन्द्र धर दूबे, राजश्री दूबे, मनीष दूबे, अनूप दूबे निवासी जलालबाद थाना पैकोलिया बस्ती हैं। यह मामला 2020 में यूपी एसआईटी को जांच के लिए मिला था। आरोप था कि एनजीओ चलाकर 25 लोगों से डेढ़-डेढ लाख रुपया लेकर सोसायटी के खाते पंजाब नेशनल बैंक बभनान में जमा कराया। सोसायटी के विभिन्न पदों पर नियुक्ति सचिव व अन्य ने फर्जी व जाली चेक दिया जो बाउंस हो गया। इस कृत्य के माध्यम से आरोपियों ने बेरोजगारों के साथ धोखाधड़ी किया। मामले की विवेचना थाने के पर तैनात दरोगा संजय कुमार कर रहे थे और मामला यूपीएसआईटी के पास 2020 में ट्रांसफर हो गया।



## गोरखपुर व गोंडा में जीपीएफ घोटाला होगा ट्रांसफर

इसी प्रकार गोरखपुर के कोतवाली थाने में अपराध संख्या 61/2021 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत दर्ज हुआ। यह मामला गोरखपुर में हुए जीपीएफ घोटाले से संबंधित है। गोंडा में अपराध संख्या 86/2021 थाना नबाबगंज धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत दर्ज हुआ। इस मामले में सरकारी कर्मियों के जीपीएफ का गबन कर लिया था, जो जीपीएफ घोटाले के नाम से जाना गया।

## इन जिलों के मामले होंगे ट्रांसफर

कमिश्नरेट लखनऊ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर व आगरा के एक-एक मामले हैं। जनपद फिरोजाबाद के दो, एटा, बस्ती, गोंडा, गोरखपुर, कन्नौज व रामपुर का एक-एक मामला है।




# 28 को बस्ती आएंगे मुख्यमंत्री अफसरों की सक्रियता बढ़ी



दुबौलिया धर्मपुर स्थित एडी एकेडमी में मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर स्थलीय निरीक्षण करते एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी व सीओ शेषमणि उपाध्याय ●जागरण

**जागरण संवाददाता, दुबौलिया, बस्ती:** दुबौलिया के धरमूपुर स्थित एडी एकेडमी में 28 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। एडीएम कमलेश चंद और एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी गुरुवार को एसडीएम हर्रैया गुलाब चंद्रा, सीओ हर्रैया शेषनाथ उपाध्याय व सीओ कलवारी विनय चौहान के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। स्कूल परिसर और उसके आसपास का निरीक्षण किया तथा कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी ली।

- **पूर्व एमएलसी डा वाईडी सिंह की प्रतिमा का होगा अनावरण**
- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुस्तक का भी करेंगे विमोचन**

विद्यालय के निदेशक इं. श्वेतांक शेखर सिंह ने बताया 28 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उनके विद्यालय में कार्यक्रम प्रस्तावित है।

उनके द्वारा विद्यालय का उद्घाटन एवं परिसर में लगा बाल रोग विशेषज्ञ एवं पूर्व एमएलसी स्व. डाक्टर वाईडी सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुस्तक का विमोचन भी करेंगे।

निरीक्षण के दौरान दुबौलिया थाने के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

मिल है।

## तीस हजार रुपये हड़पने के आरोप में मुकदमा

**बस्ती:** हरैया पुलिस ने रकम हड़पने के मामले मुकदमा दर्ज किया है। खैरी ओझा गांव निवासी रामनिरंजन ओझा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उन्होंने विपक्षियों से ट्रैक्टर लिया था। आरोप लगाया कि उन्हें ट्रैक्टर के कागजात नहीं दिए गए। पुलिस ने इसी गांव के वीरेंद्र प्रताप व सुरेंद्र प्रताप के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म के 28 वर्ष पुराने मामले में दो को 10 वर्ष की सजा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** विशेष सत्र न्यायाधीश एससीएसटी शिवचंद ने दुष्कर्म के 28 वर्ष पुराने मामले में दो लोगों को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने प्रत्येक को 15 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर प्रत्येक को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अभियोजन की तरफ से न्यायालय में घटनाक्रम की जानकारी प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि घटना नगर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। इस गांव की 16 वर्षीय किशोरी को तीन अप्रैल 1995 को थाना क्षेत्र के रमवापुर कला गांव का गोली सिंह अपने रिश्तेदार राजन सिंह की मदद से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जाते समय किशोरी अपने साथ 6400 रुपये के गहने भी लेकर चली गई थी। नगर थाना में मुकदमा पंजीकृत हुआ। विवेचना के दौरान तीन और आरोपितों का नाम प्रकाश में आया। जिसमें वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के भरवलिया गांव निवासी राम सजीवन व दुबौलिया थाना क्षेत्र के भरपुरा ग्राम निवासी राम सागर का नाम शामिल था। इन दोनों पर भी किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप विवेचक द्वारा लगाया गया। रामसागर के पिता मेवालाल को भी आरोपितों के मददगार के रूप में आरोपित किया गया। सुनवाई के दौरान गोली सिंह नाबालिग पाया गया। उसकी पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड सुनवाई के लिए भेज दी गई। राजन सिंह फरार चल रहा है। इसकी पत्रावली अलग कर दी गयी है। राम सजीवन,रामसागर व मेवालाल के खिलाफ सुनवाई शुरू हुई। अभियोजन की तरफ से सात गवाह प्रस्तुत किए गए। दलील सुनने के बाद न्यायालय ने माना कि मेवालाल की कोई भूमिका इस अपराध में नहीं है। राम सजीवन व राम सागर को किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के लिए दोषी पाते हुए उसे दंडित किया है।

# चेन स्नेचिंग की आरोपित तीसरी महिला पकड़ी गई

**जासं, बस्ती**: वाल्टरगंज पुलिस ने चेन स्नेचिंग के मामले में फरार चल रही एक महिला आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपित महिला संगीता बनियाडीह थाना लोटन जिला सिद्धार्थनगर की रहने वाली है। वर्तमान में वह चिलौना थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर में रह रही है। एक सूचना के आधार पर उसे गुरुवार को भिटिया चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि बगढरवा मेले में एक माह पहले महिला श्रद्धालुओं से चेन स्नेचिंग की घटना सामने आई थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की तो वारदात में शामिल तीन महिला आरोपितों के नाम सामने आए। इनमें से दो को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। तीसेर आरोपित संगीता की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार उसके पास से छह सौ रुपया बरामद किया है। आरोपित संगीता के विरुद्ध वाल्टरगंज के अलावा सोनहा थाने में भी चोरी व माल बरामदगी का मुकदमा दर्ज है। आरोपित महिला चेन स्नेचर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआइ सुरेश कुमार, सुभाष मौर्या, राकेश यादव और शिवानी वाजपेयी शामिल रहीं।

# एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

कलवारी। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी बृहस्पतिवार शाम को निरीक्षण करने कलवारी थाने पहुंचे। उसी समय पुलिस टीम पैदल गश्त पर निकलने के लिए तैयार थी।

एसपी ने सीओ विनय चौहान, थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव के साथ कलवारी चौराहे पर पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। कहा कि लोग बिना किसी डर के त्योहार मनाएं। उन्होंने गड़बड़ी करने वालों को चेताया भी। कहा ऐसे लोगों पर कार्रवाई होगी।

उसके बाद थाना परिसर भवन, एफआईआर में विवेचना की स्थिति के बारे में जानकारी ली। थानाध्यक्ष को बच्चों, महिलाओं से संबंधित अपराधों में सतर्कता बरतने के साथ थाने पर आने वालों के प्रति अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए। संवाद

# कूड़े में विस्फोट होने से चौकी प्रभारी और आरक्षी झुलसे

**जागरण संवाददाता, दुबौलिया, बस्ती :** दुबौलिया थाने के उमरिया पुलिस चौकी के बगल में कूड़े के ढेर को जलाते समय अचानक उसमें विस्फोट हो गया, जिससे मौके पर चौकी प्रभारी संजय कुमार यादव और आरक्षी रविकांत झुलस गए। चौकी प्रभारी का हाथ झुलस गया जबकि आरक्षी के चेहरा व दोनों हाथ झुलस गए हैं। दोनों को जिला अस्पताल बस्ती में भर्ती कराया गया है।

गुरुवार को सुबह नौ बजे उमरिया चौकी प्रभारी संजय, चौकी के आरक्षियों के साथ सफाई कर इकट्ठे कूड़े को चौकी के बगल में जला रहे थे।

आग लगाने के बाद ही अचानक उसमें विस्फोट हो गया। ऐसे में कूड़े के पास खड़े चौकी प्रभारी व आरक्षी झुलस गए। पुलिस की मानें तो कूड़े में फेंके गए परफ्यूम का डिब्बा फटने से विस्फोट हुआ। इसके बाद आग को बुझा दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक ने बताया कि झुलसे चौकी प्रभारी व आरक्षी को जिला अस्पताल भिजवाया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है। मौके पर सीओ कलवारी विनय चौहान ने भी पहुंचकर दोनों का हाल जाना।

- **दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया**
- **कूड़े में फेंके गए परफ्यूम के डिब्बे में हुआ विस्फोट**



झुलसे चौकी प्रभारी संजय यादव • जागरण



आग से झुलसे कांस्टेबल रविकांत • जागरण

# चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

**सोनहा, बस्ती :** थाना क्षेत्र के असनहरा निवासी संजय पुत्र गब्बू लाल की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित का कहना है कि वह आदर्श इंटर कालेज सल्टौआ में चतुर्थश्रेणी कर्मचारी के रूप में तैनात है। गुरुवार की शाम अपनी स्कूटी से कालेज जा रहा था। अभी वह बस्ती डुमरियागंज मार्ग के बनवधिया गांव के पास पहुंचा ही था कि वहां कार सवार अज्ञात चार लोगों ने उसे रोक लिया व अपशब्द कहते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। (जासं)

# एसपी ने किया कलवारी थाने का निरीक्षण

**जासं, कलवारी, बस्ती:** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी गुरुवार की देर शाम सात बजे कलवारी थाने पर पहुंच गए। उस समय थाने की पुलिस कस्बे में पैदल भ्रमण के लिए निकलने वाली थी, ऐसे में एसपी ने जवानों के साथ कस्बे में पैदल भ्रमण किया और लोगों को सुरक्षा का विश्वास दिलाया।

पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान, थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव के साथ पहले कलवारी कस्बे में पैदल भ्रमण किया और इसके बाद थाने में पहुंचकर महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, मेस का निरीक्षण किया। थाने में दर्ज मुकदमो के विवेचना की स्थिति जानी। थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि बच्चों, महिलाओं से संबंधित अपराध में सतर्कता बरतने के साथ थाने पर आने वाले सभी लोगो के प्रति अच्छा व्यवहार किया जाए। एसपी ने पिछले दिनों 12वीं के एक छात्र के रहस्यमय परिस्थितियों के गायब होने और अब तक मामले की गई छानबीन के संबंध में जानकारी ली।



कलवारी थाने मे अभिलेखों का अवलोकन करते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ● जागरण

**शिकायतों के निस्तारण पर दें विशेष ध्यान: एसपी, बस्ती:** कलवारी थाने का निरीक्षण करने के बाद एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने लौटते समय नगर थाने का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर, थाना कार्यालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय, बैरक आदि का भ्रमण किया। थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक किया। पुलिस अधीकारी/ कर्मचारियों के साथ बैठक कर कहा कि हर हाल में जनता की समस्याओं का निस्तारण किया जाए।

# विस्फोट में चौकी इंचार्ज व सिपाही झुलसे

## कूड़ा जलाते समय तेज आवाज के साथ फट गया बॉडी स्प्रे का डिब्बा, दुबौलिया थाने के उमरिया पुलिस चौकी की घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**दुबौलिया(बस्ती)।** थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी उमरिया के परिसर में बृहस्पतिवार सुबह साफ-सफाई के बाद कूड़े का ढेर जलाया जा रहा था। तभी उसमें पड़े बॉडी स्प्रे के डिब्बे में विस्फोट हो गया।पास में खडे चौकी इंचार्ज व एक सिपाही झुलस गए।

प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक ने बताया कि सुबह नौ बजे के करीब पुलिस चौकी की साफ सफाई के बाद परिसर में ही कूड़े का ढेर जलाया जा रहा था। ढेर में बॉडी स्प्रे का डिब्बा फट गया। बगल में चौकी इंचार्ज उमरिया संजय यादव व सिपाही रविकांत गौड़ आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। एसएचओ ने बताया कि चौकी इंचार्ज व सिपाही को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है। हालत सामान्य बताई जा रही है।



रुधौली के मुड़ियार में आग लगने के बाद पहुंचे थानाध्यक्ष संजय कुमार और घटना स्थल पर जुटी भीड़। संवाद

**पेड़ों की पत्तियों में पड़ा था डिब्बा:** पुलिस चौकी के आसपास काफी पेड़ हैं, जिनकी पत्तियां इकट्ठा करके जलाई जा रही थीं। उन्हीं पत्तियों और कूड़ा करकट के बीच स्प्रे का फेंका हुआ डिब्बा भी था। माना जा रहा है कि उस डिब्बे में कुछ रसायन बचा रह गया था।





झुलसे चौकी ईचार्ज उमरिया संजय यादव और सिपाही रविकांत। संवाद

### अधिक तापमान पर ज्वलनशील हो जाता है परफ्यूम

शिवहर्ष किसान पीजी कालेज के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. रंजन बसाक ने बताया कि बाजार में बिकने वाले बॉडी स्प्रे (डिओड्रेंट/परफ्यूम) मुख्य रूप से एथनॉल और एसिटोन से तैयार किए जाते हैं। ये दोनों 15 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान होने पर ज्वलनशील हो जाते हैं। जिस डिब्बे में ये भरे होते हैं, उनकी सतह गरम होने पर अंदर की गैस का बाहर की तरफ दबाव तेज हो जाता है, जिससे विस्फोट की आशंका बढ़ जाती है।

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद-बस्ती

मा. न्यायालय सीजेएम बस्ती द्वारा मु.अ.सं. 110/2022 वाद धारा 498A, 323, 324, 504, 506, 316 IPC व 3/4 डीपी एक्ट के अभियुक्त सूरज बरनवाल पुत्र झिनकान लाल बरनवाल निवासी कस्बा वाल्टरगंज थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती के विरूद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया गया है जो मा. न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है जिसके सम्बन्ध में महिला थाना द्वारा धारा 82 Crpc के तहत कुर्की हेतु उद्घोषणा की जा चुकी है, यदि हाजीर नहीं होता है तो अभियुक्त के चल व अचल संपत्ति की कुर्की कर दी जायेगी।

**पुलिस अधीक्षक**
**बस्ती**

संख्या : सोशल मीडिया सेल-5/2023

# किशोरी से दुष्कर्म में दो को दस साल की कैद

बस्ती। विशेष सत्र न्यायाधीश एससी एसटी शिवचंद की अदालत ने अनुसूचित जाति की किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म के आरोपियों को दस-दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक आरोपी पर 15 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष शासकीय अधिवक्ता मो. हयात ने अदालत को बताया कि नगर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर कहा कि तीन अप्रैल 1995 को उनकी सोलह वर्षीय पुत्री को गांव के गोली अपने रिश्तेदार राजन के साथ मिलकर भगा ले गए। उनकी पुत्री अपने साथ जेवरात थी ले गई। नौ अक्तूबर 1995 को जब वह वापस घर आई तो सारी घटना परिजनों से बताई।

विवेचना में वाल्टरगंज थाना क्षेत्र ग्राम भरवलिया बाबू निवासी राम सजीवन, दुबौलिया के भरपुरा निवासी राम सागर व मेवालाल का नाम भी सामने आया। संवाद

# चेन स्नेचिंग में आरोपी वांछित महिला गिरफ्तार

बस्ती। जिले की वाल्टरगंज पुलिस ने लूट में फरार चल रही महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, सोने की चेन लूटने के मामले में वांछित आरोपी संगीता बनियाडीह थाना लौटन जिला सिद्धार्थनगर की रहने वाली है। वर्तमान में वह चिलौना थाना कोतवाली खलीलाबाद संतकबीरनगर में रह रही थी।

मुखबिर से सूचना पर आरोपी संगीता को मनौरी से ऑटो पकड़कर लक्ष्मणपुर की तरफ जाते समय भिटिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि बरढरवा मेले में करीब एक माह पूर्व महिला श्रद्धालुओं से चेन स्नेचिंग की घटना सामने आई थी। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान वारदात में शामिल तीन महिला आरोपितों के नाम सामने आए थे। इनमें से दो को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जबकि संगीता तभी से फरार चल रही थी। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-03-2023

# पॉक्सो एक्ट में आरोपी को दस साल की सजा

बलरामपुर, संवाददाता। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्स जहेन्द्र पाल सिंह ने छेड़खानी के मामले में आरोपी को दस वर्ष कारावास व 62 हजार रुपए की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि में से 50 हजार रुपए पीड़िता को दिया जाएगा।

शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि थाना तुलसीपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 17 अप्रैल 2017 को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगाया कि वह दिन में दो बजे अपने दुकान पर बैठा था। शोर सुनकर अपने घर गया। वहां पर देखा कि उसकी भतीजी ने आत्म हत्या करने के प्रयास में आग लगा लिया है। उसे बचाने का प्रयास किया। इलाज के सीएचसी तुलसीपुर लाया गया। जहां पर प्राथमिक इलाज होने के बाद उसकी भतीजी को बलरामपुर रेफर कर दिया गया। प्राथमिकी में कहा है कि उसकी भतीजी ने बताया कि मोहल्ले का सुमित कौशल चार-पांच महीने से उसके साथ छेड़खानी व ब्लेकमेल करता था। जिससे उसने आत्महत्या का प्रयास किया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से दस गवाहों के बयान कराए गए। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने सुमित कौशल को विभिन्न धाराओं में दस साल कारावास व 62 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## हत्या प्रयास के मामले में आरोपी को दस वर्ष की सजा

बलरामपुर। जिला सत्र न्यायाधीश ने हत्या प्रयास के मामले में एक व्यक्ति को दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। जिला जज ने दोषी पर एक लाख 25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 10 अक्टूबर 2019 को सविल लाइन निवासी वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने देहात कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें पीड़ित ने आरोप लगाया था कि नीलकोठी निवासी विनोद तिवारी जबरदस्ती उसके घर में घुस आए। पीड़ित की पत्नी व बहन को बंधक बना लिया और 15 लाख रुपए का चेक की मांग करने लगे। चेक न देने पर जान से मारने की नियत से पीड़ित पर हमला कर दिया। पिस्टल से निशाना चूकने के बाद उसके बट से हमला कर घायल कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सरकारी अधिवक्ता ने नौ गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जिला सत्र न्यायाधीश लल्लू सिंह ने विनोद तिवारी को दोषी करार देते हुए दस वर्ष के कारावास व एक लाख 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# देश-विदेश के श्रद्धालुओं का हो रहा संगम

संवाद न्यूज एजेंसी



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में लगे राजकीय मेले में खरीदारी करते लोग। -संवाद

तुलसीपुर (बलरामपुर)। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में चल रहे राजकीय मेले में देश-विदेश के श्रद्धालुओं का संगम देखने को मिल रहा है। देश के कई राज्यों व नेपाल के श्रद्धालु मां पाटेश्वरी की पूजा-अर्चना के बाद मेले का आनंद ले रहे हैं। झूले व सर्कस आदि का आनंद लेने, श्रृंगार, लईया-गट्टा, खिलौना, बर्तन व प्लास्टिक की वस्तुओं की खरीदारी के लिए दिन-रात लोगों की भीड़ जुट रही है।

मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि 22 मार्च से एक माह तक चलने वाला राजकीय मेला भारत-नेपाल के अटूट रिश्ते को कायम रखने का संदेश देता है। चैत्र नवरात्र के मेले में देश-विदेश से श्रद्घालुओं का भारी संख्या में आगमन होता। मेला प्रशासन की तरफ से उनकी सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

**सीसीटीवी कैमरे से की जा रही निगरानी**

**सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा** : एसपी केशव कुमार ने बृहस्पतिवार को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर व राजकीय मेला परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## अराजक तत्वों पर रखें कड़ी नजर: एसपी

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक ने शक्तिपीठ देवीपाटन मेला में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए हैं। एसपी ने कहा कि रात में ड्यूटी करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्क रहने की जरूरत है। मेले में शांति व्यवस्था बनी रहे इसका विशेष ध्यान रखना होगा। सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें। अराजक तत्वों पर नजर रखें।

## पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना ललिया की पुलिस टीम ने पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। राधा रमन सिंह ने बताया कि थाना ललिया के पिपरहवा निवासी आलोक दुबे पर पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज था। वह फरार चल रहा था। उप निरीक्षक ने टीम के साथ ने उसे महाराजगंज तराई से दबोच लिया।

## चोरी सामान के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने चोरी के माल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि विशनापुर से रत्नेश पुत्र स्वामीनाथ को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के पास से एक चोरी का टुल्लू पंप बरामद हुआ है।

## नकबजनी अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना सादुल्लाह नगर पुलिस ने नकबजनी के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक परमानंद चौहान ने बताया कि हेड कांस्टेबल मुक्तेश्वर यादव, संतराम के साथ गांव से राजा पुत्र हाफिज बेग को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 1500 रुपए नकद बरामद हुआ है।

# चोरी की दो बाइक के साथ गिरफ्तार

गैंसडी। चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ एक नफर अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी केशव कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

गैसड़ी प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि उप निरीक्षक राम कुमार वर्मा, राकेश पाल, हेड कांस्टेबल राजेश यादव, कांस्टेबल राजेश कुमार चौरसिया व सुरेन्द्र पासवान की संयुक्त टीम ने संजय सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी लोकईडीह को चोरी की दो बाइक के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया है।

# पाक्सो एक्ट के आरोपित को 10 साल की कैद

**संसू, बलरामपुर :** अपर शासकीय अधिवक्ता पवन शुक्ल ने बताया कि थाना तुलसीपुर में 17 अप्रैल 2017 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई कि क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की को नई बाजार निवासी सुमित कौशल पुत्र दिलीप कौशल छेड़खानी कर परेशान कर रहा था। जिससे तंग आकर पीड़िता ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। अभियोजन की ओर से 10 गवाहों का बयान अंकित कराया गया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को लज्जा भंग के अपराध में पांच साल 10 हजार, जानमाल की धमकी देने के मामले में दो वर्ष दो हजार तथा पाक्सो के अपराध में तीन वर्ष व 50 हजार रुपये की सजा सुनाई गई।

# प्राणघातक हमला करने वाले को 10 साल कारावास

**संसू, बलरामपुर** : जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर के सिविल लाइन निवासी वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने 10 अक्टूबर 2019 को कोतवाली देहात में प्राथमिकी दर्ज कराई कि सुबह नीलकोठी निवासी विनोद तिवारी असलहा लेकर घर में घुस गया और 15 लाख रुपये का चेक मांगते हुए गले की चेन लूट लिया। जान से मारने की नियत से अवैध पिस्टल से फायर कर दिया। पत्नी व बहन को भी चोटें पहुंचाई। जनपद न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद चोटिल लोगों के आघात पत्र व गवाहों के बयान के आधार पर अभियुक्त को भिन्न-भिन्न आरोपों में 10 साल कैद की सजा सुनाते हुए अभियुक्त को एक लाख 25 हजार रुपये जुर्माना से भी दंडित किया है।

# नाबालिग से छेड़खानी में दस साल की जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने नाबालिग से छेड़खानी के मामले में एक दोषी को दस साल कैद और 62 हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसमें से 50 हजार रुपये पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया है।

विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि 17 मई 2017 को एक व्यक्ति ने तुलसीपुर थाने में तहरीर दी थी। आरोप था कि उसकी नाबालिग भतीजी के साथ स्कूल जाते समय मोहल्ले का एक व्यक्ति छेड़खानी करता है और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रथम दृष्टया सही मानते हुए सुमित कौशल के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जहेंद्र पाल सिंह ने आरोपी सुमित कौशल को दस साल कैद की सजा सुनाई। उसे 62 हजार रुपये अर्थदंड अदा करने का आदेश भी दिया। अदा न करने पर दोषी को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

## जानलेवा हमले के दोषी को दस वर्ष की कैद

**बलरामपुर।** जिला सत्र न्यायाधीश लल्लू सिंह ने बृहस्पतिवार को जानलेवा हमले के मामले में एक को दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 10 अक्तूबर 2019 को सिविल लाइन निवासी वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि नीलकोठी निवासी विनोद तिवारी घर में घुसकर पत्नी व बहन को बंधक बनाकर 15 लाख रुपये का चेक मांगने लगा। फायर किया और बट से घायल किया। संवाद

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-03-2023

# आठ साल बाद भी पूरा नहीं हो सका एसपी का नया आशियाना

प्रभंजन शुक्ल ● बहराइच

पुलिस अधीक्षक के नए आवास का निर्माण भी अधर में लटका है। आठ साल पहले आवंटित धनराशि को अब तक कार्यदायी संस्था खर्च नहीं कर सकी है। हालात यह हैं कि 69 प्रतिशत पर काम ठिठका है। अधिकारी न्यायालय में मामला लंबित होने के कारण निर्माण न शुरू होने की जानकारी दे रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक का पुराना आवास नलकूप विभाग के सामने बना हुआ है। अब तक तैनात होने वाले एसपी इसी आवास में रह रहे हैं। वर्ष 2015 में एसपी का नया आवास बनाने के लिए जमीन चिह्नित की गई थी। इसके तहत लोक निर्माण विभाग के एलआरपी डाक बंगले के बगल में खाली पड़ी जमीन को चयनित कर शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। शासन ने 24 मार्च 2015 को ही 1.91 करोड़ की लागत के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी थी। निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद को सौंपी गई थी।

गृह विभाग के आदेश के बाद कार्यदायी संस्था को 1.31 करोड़ की धनराशि का आवंटन भी कर दिया गया था। तब से शुरू हुए काम के बाद अब तक विभाग महज 98 लाख की रकम ही खर्च कर सका है। भवन की चहारदीवारी को पूरा कर अंदर दो कमरे ही निर्मित किए जा सके। इसके बाद से काम रोक दिया गया। हालात यह हैं कि अब तक खर्च हुए पैसे ही करीब 69 फीसद ही काम कराया जा सका है। समय बीतने के साथ भवन निर्माण की लागत भी बढ़ती जा रही है। परिषद के अधिकारी बजट को वापस भेजने की तैयारी में भी लग गए हैं।

## मार्च का फ्लैग मार्च



पुलिस लाइन स्थित निर्माणाधीन पुलिस अधीक्षक आवास ● जागरण

**2015** में निर्माण को मिली थी स्वीकृति, अब तक लंबित है काम

**1.31** करोड़ मिले, 98 लाख ही खर्च कर सकी कार्यदायी संस्था

" पुलिस अधीक्षक के नए आवास का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। कोर्ट से निस्तारण होने के बाद ही निर्माण शुरू हो सकता है। इसके बारे में अधिक जानकारी कार्यालय से ही मिल सकती है।

– **सौरभ सिंह**, पीआरओ, एसपी

# सीटीबाज गिरफ्तार, शराब बरामद

**जासं,बहराइच :** भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा में तैनात एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को मिलावटी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

पकड़े गए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष श्रीधर पाठक ने बताया कि एसएसबी के एस मुत्थू सिलवा कुमार के साथ टीम गठित कर सीमा पर गश्त की जा रही थी। इस दौरान सीमा पर लगे पिलर संख्या 655 पर पहुंचने के दौरान एक युवक नेपाल की ओर से आता दिखाई पड़ा। जवानों ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह नेपाल की ओर भागने लगा। घेराबंदी कर जवानों उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास बोरे में 110 लीटर मिलावटी शराब बरामद की गई। पकड़ा गया आरोपित संदीप सोनकर उर्फ सीटीबाज निवासी प्रहलाद गांव रुपईडीहा का रहने वाला है। गिरफ्तारी के दोरान अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे।

# विधायक बोले, अफसर ही करवा रहे अवैध खनन

## विधायक की नाराजगी के बाद रिसिया थाने में अज्ञात खनन माफिया के खिलाफ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**रिसिया(बहराइच)।** महसी से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने अपनी सरकार के अफसरों पर ही गंभीर आरोप लगाए है। विधायक का आरोप है कि जिले के अफसर धड़ल्ले से अवैध खनन करवा रहे हैं। इस पर रिसिया थाने पर जिला खनन अधिकारी ने अज्ञात लोगों पर खनन का केस दर्ज कराया। विधायक ने सीएम योगी से मिलकर दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



रिसिया क्षेत्र में हो रहा अवैध खनन।-संवाद

जिले में महसी भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह बुधवार को दरगाह थाना क्षेत्र के माता मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर तक जाने वाले मार्ग को काफी क्षतिग्रस्त देखा। इस संबंध में क्षेत्रीय लोगों से जानकारी प्राप्त करने पर विधायक को यहां अवैध खनन होने की बात पता चली। मंदिर की आधारशिला रखने के बाद विधायक सुरेश्वर सिंह ने स्वयं क्षेत्र का हाल देखने पहुंच गए। इस मौके पर विधायक ने जो बातें की उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें विधायक अफसरों से कह रहे है कि दिमाग खराब हो गया है, यह मिट्टी इतनी गहरी खुदी है। इस पर जिला खनन अधिकारी राजरंजन पांडेय को फटकार लगाई। मीडिया को विधायक ने बताया कि यहां एक नाथ संप्रदाय का मंदिर है जिसका उद्घाटन करने आए थे। वहां पर कुछ लोगों ने बताया कि जुबेर नाम का एक व्यक्ति यहां जेसीबी से दिनभर खनन करवाता है। यहां पंद्रह से बीस फिट गहराई में अवैध मिट्टी व बालू खनन मिला है। विधायक ने बताया कि जब इस बारे में खनन अधिकारी से बात की तो उन्होंने कहा कि खनन रोकना डीएम व एसपी का काम है, मेरा नहीं।

### पुलिसकर्मियों पर भी भड़के

विधायक ने मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को भी जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा एक मामले में मैने सिफारिश की थी उसमें भी यहां की पुलिस ने पांच हजार रुपये ले लिया और पीड़ित का काम नहीं किया। इस पर मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी इधर उधर झांकने लगे। वहीं रिसिया थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह का कहना है कि केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# दुष्कर्म के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

**अदालत से**

**जासं, बहराइच :** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट वरुण मोहित निगम ने दुष्कर्म के तीन आरोपितों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। विशेष शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि घटना नानपारा कोतवाली इलाके की है। 22 मई 2013 को एक व्यक्ति की नाबालिग बेटी मक्के की फसल रखवाली के लिए जा रही थी। रास्ते में तीन लोगों ने उसे गायब कर दिया। उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म करते रहे। पुलिस के उच्चाधिकारियों को भी शिकायती पत्र देने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने सीजेएम न्यायालय पर 156 (3) की अर्जी प्रस्तुत की। सीजेएम ने नानपारा पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए।

पुलिस ने आरोपितों को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया और पीड़िता को बरामद किया। पीड़िता का बयान न्यायालय पर कराने के बाद आरोप पत्र प्रस्तुत किया। अदालत ने मामले में सभी गवाहों का परीक्षण करने के बाद अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुना और गुरुवार को तीनों आरोपितों को दोषी करार दिया और सजा सुनाई। अभियुक्तों का सजायाबी वारंटी तैयार कर सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया गया है।

**पीड़िता को प्रतिकर धनराशि की संस्तुति :** विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को आदेश की प्रति भेजकर पीड़िता की उम्र और अपराध की प्रकृति को देखते हुए प्रतिकर धनराशि दिए जाने की संस्तुति की है। पीड़िता के पिता ने अदालत के फैसले को सराहते हुए कहा कि आज उसकी बेटी को न्याय मिला है।






# गलती से पहुंच गया था बांग्लादेश, दो साल बाद घर लौटा सुभाष

**संवाद न्यूज एजेंसी**

- अमर उजाला के 22 अगस्त 2022 के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी खबर
- युवक के वतन वापसी में जिला प्रशासन व बांग्लादेश के वीडियो जर्नलिस्ट ने निभाई अहम भूमिका




अमर उजाला में प्रकाशित खबर। -संवाद

**बहराइच।** मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र निवासी एक विक्षिप्त युवक गलती से बांग्लादेश पहुंच गया था। परिजन उसकी तलाश जिले में कर रहे थे। युवक के लापता होने के लगभग डेढ़ साल बाद बांग्लादेश के एक वीडियो जर्नलिस्ट की नजर युवक पर पड़ी तो उसने बहराइच प्रशासन से संपर्क साधा। यही नहीं उसने युवक के परिजनों से वीडियो कॉल के जरिए युवक की बात भी करवायी।

विक्षिप्त युवक के लापता होने से लेकर वीडियो कॉल तक के पूरे सफर व पीड़ा को अमर उजाला के 22 अगस्त 2022 के अंक में ...डेढ़ साल पहले मुर्तिहा से लापता युवक बांग्लादेश में मिला... शीर्षक के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। इसके बाद युवक के वतन वापसी की कार्यवाही तेज हुई जिसमें सबसे महती भूमिका जिला प्रशासन ने निभाई। सभी के अथक प्रयासों के बाद लगभग दो साल युवक की बृहस्पतिवार को वतन वापसी हो गयी।

मुर्तिहा कोतवाली के ग्राम पंचायत निधिनगर कंडा निवासी सुभाष (22) की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इसी के चलते लगभग दो वर्ष पूर्व वह घर से लापता हो गया था। परिजनों ने मुर्तिहा कोतवाली पर तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करवायी थी और उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान सुभाष बांग्लादेश पहुंच गया जहां लगभग डेढ़ वर्षों तक उसने गुमनामी की जिंदगी जी।

इस दौरान बांग्लादेश की पुलिस ने उसका इलाज कराया और इसे मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद निल्फामारी जिले के समाज कल्याण विभाग को सुपुर्द कर दिया। जहां इस युवक पर वीडियो जर्नलिस्ट शमसुल हुदा की नजर पड़ी।

युवक की हालत देख उसने उससे जानकारी ली और फिर ढाका उच्चायोग से संपर्क किया। साथ ही तत्कालीन पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी से संपर्क कर युवक के परिजनों का नंबर हासिल किया। घर का नंबर मिलने पर शमसुल ने वीडियो कॉल के जरिए सुभाष की बात उसकी मां सुनीता व पिता लक्ष्मण प्रसाद से बात करवायी तो पूरा परिवार भावुक हो गया। साथ वीडियो जर्नलिस्ट ने युवक की वतन वापसी के लिए ढाका से दिल्ली तक हुक्मरानों से संपर्क किया और उसकी ये मेहनत रंग लाई।

## डीएम, एसपी, एमएलसी व रोटरी क्लब ने किया सम्मानित



कलेक्ट्रेट में बांग्लादेश से लौटे युवक व परिजनों को सम्मानित करते डीएम व लायंस क्लब के सदस्य। -संवाद

सुभाष के वतन वापसी पर बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र, एसपी प्रशांत वर्मा, रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने सुभाष का स्वागत किया और उसे सम्मानित किया। इस दौरान डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि युवक की सकुशल वापसी के लिए उन्होंने विदेश मंत्रालय व राज्य सरकार को पत्र लिखा था। इसका केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया। रोटरी क्लब के सहयोग से युवक के परिजन ढाका गए और उसे वहां से कोलकाता लाया गया। कलेक्ट्रेट में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने सुभाष को राशन, कपड़े व आर्थिक मदद की। इस दौरान रोटरी क्लब के अनिल जिंदल, ग्वावर मंडल अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा, मनीष मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

# अमृतपाल के लगे पोस्टर नेपाल भागने की आशंका



भारत-नेपाल सीमा पर चेकिंग करते एसएसबी के जवान। -संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## बॉर्डर पर एसएसबी ने चस्पा किए फोटो, चलाया सघन चेकिंग अभियान

**रूपईडीहा(बहराइच)।** देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे पंजाब से भागे अमृतपाल की बहराइच के रास्ते नेपाल भागने की संभावना को देखते हुए एसएसबी ने बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा दी है। बॉर्डर स्थित एसएसबी की चौकियों पर जगह-जगह अमृतपाल के पोस्टर चस्पा किए गए हैं और आने जाने वालों की सघन जांच की जा रही है। यही नहीं एसएसबी सीमा से गुजरने वाले विशेष परिधान व वेशभूषा वाले लोगों की विशेष जांच कर रही है।



भारत-नेपाल सीमा पर चिपकाया गया अमृत पाल व अन्य का पोस्टर।

कोई भी अपराधी हो और उसका नाम बहराइच से न जुड़े शायद ही ऐसा हो। ऐसे में एक बार फिर चर्चा है कि देश विरोधी गतिविधियों में शामिल और पंजाब के युवाओं को भड़काने वाला पंजाब का भगौड़ा अमृत पाल रुपईडीहा बॉर्डर के रास्ते नेपाल भाग सकता है। लेकिन अमृतपाल के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए बॉर्डर पर तैनात सशस्त्र सीमा बल ने भी कमर कस ली है और बार्डर जांच का दायरा बढ़ा दिया है।

एसएसबी बॉर्डर से गुजरने वाले विशेष परिधानों और हुलिया वाले लोगों की विशेष जांच कर रही है। यही नहीं बार्डर पर एसएसबी की चौकियों पर जगह-जगह भगोड़े अमृतपाल के पोस्टर भी चस्पा किए गए हैं। सशस्त्र सीमा बल 42 वीं वाहिनी कमांडेंट तपन कुमार दास ने बताया कि पंजाब से फरार चल रहा अमृतपाल सिंह छिपने के लिए नेपाल का सहारा ले सकता है। जिस कारण नेपाल से भारत जाने वाले नागरिकों के चेहरों को जांचने के लिए जवानों द्वारा विविध प्रकार के उपयोग किए जा रहे हैं।

सहायक कमांडेंट नंदन पांडे ने बताया अमृतपाल सिंह के पहचान के लिए सीमावर्ती सीमा चौकी पर उसकी फोटो चस्पा की गयी है। ताकि अगर वह नेपाल भागने की कोशिश करे तो उसे दबोच लिया जाए। साथ ही उसका पोस्टर देखकर सामान्य लोग भी उसकी पहचान कर सकें और उसके जैसा संदिग्ध दिखने पर एसएसबी को सूचित कर सकें।

# तिरंगे में लिपट कर आया सीआरपीएफ जवान, हजारों आंखें नम

संवाद न्यूज एजेंसी

**पयागपुर (बहराइच)।** भोपाल में परेड के दौरान सीआरपीएफ जवान गिरीश तिवारी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। तिरंगे में लिपटा हुआ उसका पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार को लाया गया तो पयागपुर थाना परिसर भारत माता के जयकारों से गूंज उठा। सीओ आनंद कुमार राय व थाना प्रभारी राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने शव को कंधा दिया और फिर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद जवान का शव लेकर सीआरपीएफ टीम पैतृक गांव दसौती पहुंची। इस दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा की गयी।

सीआरपीएफ जवान गिरीश तिवारी का शव जैसे ही पैतृक गांव पहुंचा युवाओं ने जब तक सूरज-चांद रहेगा, तब तक गिरीश का नाम रहेगा के जयकारे लगाए।





पयागपुर के दसौती ग्राम में सीआरपीएफ जवान का शव पहुंचने के बाद बिलखते परिजन और भारत माता की जय के नारे लगाते लोग। संवाद

वहीं गिरीश का शव देख उनके पिता जयकरन नाथ व पत्नी सविता खूब रोए। यह नजारा देख वहां मौजूद अन्य सभी भी अपनी आंखों से आंसू नहीं रोक पाए। गमगीन माहौल में लगभग ढाई बजे सीआरपीएफ जवानों ने भी तिरंगे से लिपटे अपने साथी को सलामी दी।

इसके बाद हजारों की भीड़ के साथ शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। अंतिम विदाई में क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि कमलेश सिंह, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यकुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामजी यादव, विपिन श्रीवास्तव, सीआरपीएफ व पुलिस के जवानों सहित हजारों लोग शामिल रहे।

# शिक्षिका के साथ एआरपी ने की छेड़खानी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** बलहा विकासखंड में तैनात एक शिक्षिका ने एक एआरपी पर गंभीर आरोप लगाए। शिक्षिका का आरोप है कि एआरपी उसके साथ महीनों से छेड़खानी कर रहा था और एक दिन उसने अश्लीलता की हदें पार कर दीं। पीड़ित शिक्षिका ने नानपारा कोतवाली में आरोपी एआरपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

बलहा विकासखंड में कार्यरत गैर जनपद की शिक्षिका ने एक एआरपी(एकाडमिक रिसोर्स पर्सन) पर उसके साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। शिक्षिका का आरोप है, कि वह 2016 से विकासखंड के एक विद्यालय में तैनात है। जहां एक एआरपी उसके साथ

## महीनों से छेड़खानी करने और धमकाने का भी आरोप

महीनों से उसके साथ छेड़खानी कर रहा है। यही नहीं बीते 10 मार्च को एआरपी ने उसे प्रधानाचार्य कक्ष में बुलाकर अंगूठी देखने के बहाने अश्लील हरकतें की।

वहीं विरोध पर निलंबित करवाने की धमकी दी। इसके बाद सीमा को लांघते हुए अश्लीलता शुरु कर दी। उन्होंने भाग कर किसी तरह अपने आप को बचाया। यही नहीं शिकायत करने पर शिक्षिका को अगवा कराने की धमकी भी दी। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि शिक्षिका की तहरीर पर छेड़खानी, धमकी व गालीगलौज की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## अभियुक्तों की जमानत अर्जी निरस्त

**बहराइच।** सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि कोतवाली नानपारा में अभियुक्त नसीर खां, साकिर खां, झल्लर, साबिर खां, सलीम व अब्दुल कादिर के खिलाफ वादी मुकदमा शहनवाज अहमद ने मारपीट व जान से मारने आदि का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को विशेष न्यायाधीश ईसीएक्ट वरूण मोहित निगम के न्यायालय पर अभियुक्तों के अधिवक्ता की ओर से जमानत याचिका पेश की गई थी। एडीजीसी क्रिमिनल ने बताया कि मामले में विशेष न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए घटना को गंभीर मानते हुए सभी अभियुक्तों की जमानत अर्जी निरस्त कर दी है। संवाद

## न्यूज डायरी

# दो और हत्यारोपियों को भेजा जेल

**कैसरगंज।** थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े हुए सुनील हत्याकांड के दो और आरोपियों को बृहस्पतिवार को पुलिस ने दबोच कर जेल भेज दिया। हत्या में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। थाना प्रभारी ददन सिंह ने बताया कि सुनील हत्याकांड में परिजनों ने आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमें तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। दो आरोपियों शंकर उर्फ राम शंकर यादव व सर्वेश यादव को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष बचे आरोपियों की तलाश में टीम के साथ दबिश दी जा रही है। जल्द ही वह भी सलाखों के पीछे होंगे। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-03-2023

# 58 वाहनों को किया गया चालान

**श्रावस्ती।** यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग चेकपोस्टों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, चालक का डीएल, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान 58 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया।

# एएसपी ने सुनीं शिकायतें

**श्रावस्ती :** एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान दौरान कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से चार भूमि विवाद, पांच पारिवारिक विवाद व छह्ह शिकायतें अन्य विवाद से संबंधित थीं। प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।( वि)

# शांतिभंग में 15 पाबंद

**श्रावस्ती** : पुलिस ने अभियान चलाकर शांतिभंग की आशंका में 15 आरोपितों को पाबंद किया। सभी को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)

## जिला जज ने कारागार का लिया जायजा



**श्रावस्ती।** जिला कारागार बहराइच का जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव, डीएम नेहा प्रकाश व एसपी प्राची सिंह ने गुरुवार को निरीक्षण लिया। इस दौरान उन्होने जेल में बंद कैदियों को सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान जेल अधीक्षक को सरकार की ओर से दी जा रही सभी सुविधाओं को समय से बंदियों को मुहैया कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अधिकारियों ने रसोई घर, स्टोर खाद्यान, महिला बैरक, पुरुष बैरक, किशोर बैरक, पाक पाठशाला व अस्पताल का निरीक्षण किया। साथ ही बंदियों की समस्याएं सुन उनके निस्तारण के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद महिला कैदियों के स्वास्थ्य एवं उनके नवजात शिशुओं व बच्चों की उचित देखभाल सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। संवाद

# खनन कर लौट रही ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**जमुनहा(श्रावस्ती)।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के गंगा भगड़ के पास बुधवार को अवैध बालू खनन करके लाया जा रहा था। इसकी सूचना के बाद पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर रामपाल यादव ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। जिसे बाद में खनन निरीक्षक के सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से भागने में सफल रहा। संवाद

# पुलिस ने जांची बैंकों की सुरक्षा

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर गुरुवार को सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने बैंक जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने बैंक के आसपास, अंदर बाहर सघन जांच कर बैंक में लगे सीसीटीवी, सायरन व संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की जांच की। साथ ही पुलिस कर्मियों ने बैंक में उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम सहित अन्य जानकारी देकर जागरूक रहने के लिए प्रेरित भी किया। वहीं बैंक कर्मियों को निरंतर सीसीटीवी कैमरों की जांच करते रहने की बात कही। इस दौरान कोई भी व्यक्ति जो संदिग्ध प्रतीत होता हो उसकी जानकारी पुलिस को देने को कहा। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में 15 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बुधवार रात विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 15 लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। संवाद

# 58 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने जिले के विभिन्न चौराहों व बैरियरों पर गुरुवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 58 वाहनों का चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 69,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद